


**रायपुर।** *नवरात्रि पर्व पर शहर के देवी मंदिरों समेत देवालयों में जगमग रोशनी के खास इंतजाम किए गए हैं। माता की घट स्थापना के दिन श्रद्धालुओं ने उनका ढोल-बाजे, भक्ति गीतों के साथ स्वागत किया। मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। 9 दिनों तक मां दुर्गा की उपासना के साथ ही जसगीत, जगराता समेत कई तरह के आयोजन भी दुर्गोत्सव समितियों द्वारा किए जाएंगे।*

# रायपुर से 24 घंटे उड़ान क्यों नहीं, अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा और कार्गो में देर क्यों...सभी सांसद मंत्री से मिलेंगे

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर एयरपोर्ट पर नाइट ऑपरेशन, कार्गो सेवा प्रारंभ करने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के लिए प्रदेश के सभी सांसदों ने एक साथ मिलकर पहल करने का फैसला किया है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल का कहना है, वे पिछली सरकार में कार्गो सेवा का मामला लोकसभा के शून्यकाल में उठा चुके हैं। अब सभी सांसद लोकसभा सत्र के समय जब दिल्ली में जुटेंगे तो केंद्रीय विमानन मंत्री से रायपुर एयरपोर्ट को लेकर चर्चा करेंगे। रायपुर एयरपोर्ट को भी 24 घंटे खुला रखने की भी पहल करने कहा जाएगा, ताकि यहां के यात्रियों को भी रात में विमान सेवा का लाभ मिल सके। रायपुर एयरपोर्ट में लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के साथ ही कार्गो सेवा को लेकर बात हो रही है। जब पिछली सरकार में ज्योतिरादित्य सिंधिया विमानन मंत्री थे, वे रायपुर प्रवास पर आए थे, तब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के साथ रायपुर एयरपोर्ट में भी कार्गो सेवा प्रारंभ करने की बात की थी, लेकिन अब तक ये सेवाएं प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। इसको लेकर लगातार प्रयास हो रहे हैं। इधर मप्र के भोपाल में अब 24 घंटे विमान सेवा प्रारंभ हो गई है। ऐसे में अब इस तरह की सेवा रायपुर में भी प्रारंभ करने की मांग उठ रही है।

## लोकसभा सत्र के समय सभी सांसद मिलकर करेंगे केंद्रीय विमानन मंत्री से चर्चा

### सांसद करेंगे बात

रायपुर एयरपोर्ट का रनवे 3251 मीटर का है। यह रनवे बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए पर्याप्त है। ऐसे में एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े विमान आसानी से आ सकते हैं। इसी के साथ कार्गो विमान सेवा को लेकर भी परेशानी नहीं होनी वाली है। ऐसे में अब प्रदेश के सांसद रायपुर के एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए केंद्रीय विमानन मंत्री राममोहन नायडू से लोकसभा सत्र के समय चर्चा करेंगे और उनके सामने मांग रखेंगे कि रायपुर एयरपोर्ट को जल्द से जल्द अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा।


इंदौर के बाद भोपाल में सुविधा शुरू, रायपुर पिछड़ गया, किसी को सुविधा की फिक्र ही नहीं

आखिरी उड़ान के बाद रात 10 बजे अपना एयरपोर्ट बंद, नाइट ऑपरेशन का डिब्बा गुल

### विमानन मंत्री से करेंगे चर्चा

*लोकसभा का सत्र जब भी प्रारंभ होगा तो इसमें शामिल होने सभी सांसद दिल्ली जाएंगे। सभी एक साथ मिलकर रायपुर एयरपोर्ट को लेकर केंद्रीय विमानन मंत्री से चर्चा करेंगे, ताकि रायपुर एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के साथ कार्गो सेवा प्रारंभ हो सके। इसी के साथ रायपुर का एयरपोर्ट भी भोपाल की तरह 24 घंटे खुला रहे और रात में भी विमानों की आवाजाही हो, इसको लेकर भी पहल की जाएगी।* - **विजय बघेल**, सांसद, दुर्ग

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## लगभग प्रतिवर्ष निर्मित होती है यह स्थिति, पहली बार मंडल ने लगाया विलंब शुल्क

# स्कूलों पर जुर्माने से माशिम कमाएगा 4 करोड़, रोज 1000 की दर से 1247 स्कूलों से वसूला जाएगा दंड

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूलों की लेट-लतीफी से परेशान माशिम ने अंततः कड़ा कदम उठाते हुए प्रतिदिन एक हजार रुपए की दर से विलंब शुल्क भरने आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल यह शुल्क स्कूलों द्वारा दी जाने वाली छात्र सूची पर लगाया जा रहा है। प्रतिवर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त स्कूलों को नवमी से बारहवीं कक्षा तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के नाम मंडल को देने होते हैं। माशिम इसके अनुसार बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए माशिम ने अगस्त अंत तक आवेदन मांगे थे। इस दौरान कई विद्यालय अपने छात्रों के नाम नहीं भेज सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऐसे स्कूलों की संख्या 1247 है। इन स्कूलों पर प्रतिदिन एक हजार रुपए की दर से जुर्माना लगाया गया है। चूंकि अंतिम तिथि 31 अगस्त थी, ऐसे ▶▶|शेष पेज 11 पर

### खास बातें

- तय तिथि में नवमी से बारहवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्रों के नाम नहीं भेज सके हैं 1247 स्कूल
- 31 अगस्त तक मांगे गए थे नाम, अब 3 से 6 अक्टूबर तक खोले गए पोर्टल



### आदेश से हड़कंप

सूची ऑनलाइन अपलोड की जानी थी। तय तिथि पश्चात माशिम ने ऑनलाइन पोर्टल बंद कर दिए। इसके बाद थोक में स्कूलों के आवेदन इस पोर्टल को खोलने के लिए मिले। माशिम ने चार दिनों के लिए पोर्टल तो खोल दिया है, लेकिन भारी-भरकम हर्जाना भी लगा दिया है। एक अक्टूबर को यह आदेश पोर्टल खोलते हुए माशिम ने जारी किया है। इस आदेश के बाद स्कूलों में हड़कंप मच गया है।

### शासकीय विद्यालयों का कौन भरेगा हर्जाना?

इस आदेश से साफ है कि यदि विद्यालयों को अपने छूटे हुए छात्रों की एंट्री करानी होगी, तो कम से कम 30 हजार रुपए माशिम में जमा करने होंगे। ऐसे में बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि आखिर ये लेट फीस कहां से माशिम को दिया जाएगा? निजी विद्यालय अपने लाभ मद से इसकी व्यवस्था कर सकते हैं, किंतु इस ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सख्ती नहीं, इसलिए समय पर नहीं भेजते सूची

यह स्थिति प्रतिवर्ष निर्मित होती है। माशिम हर साल बगैर अतिरिक्त शुल्क सूची भेजने की अंतिम तिथि बढ़ा देता है। यही वजह है कि पूर्व निर्धारित तिथि तक नाम भेजने के लिए निजी स्कूल गंभीर नहीं होते हैं। तिथि बढ़ाए जाने पर ही वे छात्रों के नाम भेजते रहे हैं। पहली बार माशिम ने विलंब शुल्क लगाया है। अब निजी स्कूल इसके विरोध में उतर गए हैं। उनका कहना है हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 के लिए संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि में कुछ कारणों से विलंब हो गया था। पूर्व में जारी पत्र में इस तरह विलंब शुल्क का कोई भी उल्लेख नहीं था। इस सूची में ढेर सारे आत्मानंद स्कूल एवं सरकारी स्कूल भी हैं।

### पूर्व में नहीं दी गई चेतावनी

*विलंब शुल्क संबंधित इस आदेश का विरोध भी प्रारंभ हो गया है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय शर्मा ने माशिम के इस निर्देश पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षकों को इंट्री के संदर्भ में पहले से ये बतलाया नहीं गया कि पोर्टल में इंट्री के नाम पर इतने बड़े पैमाने पर लेट फीस ली जाएगी। उन्होंने पोर्टल को तीन दिन के लिए निशुल्क ओपन करने की मांग की है। संजय शर्मा ने कहा का छात्र का आईडी नंबर इंपोर्ट नहीं होने से समय लग जाता है। इतनी बड़ी राशि देने में शासकीय स्कूल सक्षम नहीं हैं।*

### ...इधर निजी स्कूलों ने कहा, नहीं थे बच्चों के डॉक्यूमेंट

*निजी स्कूलों ने छात्रों के नाम तय वक्त पर नहीं भेजे जाने के कई कारण बताए हैं। स्कूलों का कहना है कि उनके द्वारा तय समय पर प्रक्रिया पूर्ण करने की कोशिश की गई, लेकिन छात्रों और अभिभावकों द्वारा तय वक्त पर डॉक्टयूमेंट उपलब्ध नहीं कराए जा सकने के कारण वे छात्रों के नाम 31 अगस्त तक नहीं भेज सके। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, इतना अधिक विलंब शुल्क गलत है। छोटे स्कूल इतनी राशि नहीं दे पाएंगे। इसमें कुछ रियायत बरती जानी चाहिए।*

## वर्षा केवल दक्षिणी हिस्से में, प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादल छंटने और बारिश थमने के बाद प्रदेश में सर्वाधिक गर्म जिला रायपुर हो गया है। गुरुवार को यहां का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सर्वाधिक और सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 26.4 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 21.8 डिग्री दर्ज हुआ। अक्टूबर माह में बारिश संबंधित गतिविधियां कम हो गई है। माह के दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई संभावित है। इसके पूर्व हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी की ही स्थिति निर्मित होगी। गुरुवार को बारिश संबंधित मुख्य गतिविधि रायगढ़ में ही हुई। यहां एक सेमी बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी ही हुई। आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

- शेष हिस्सों में मात्र बूंदाबांदी की ही संभावना

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा है निम्न दाब का क्षेत्र

मौसम विभाग के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व बिहार से उत्तर अंडमान सागर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इस ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 4 अक्टूबर को बनने की संभावना है। इन परिस्थितियों के कारण 4 अक्टूबर को एक दो स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के चरम दक्षिण में ही वर्षा संभावित है।

## खबर संक्षेप

### पत्रकारों के लिए आज से शूटिंग प्रतियोगिता

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब, रायपुर पुलिस और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के लिए राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता 'सेल्फ प्रोटेक्शन एनिशिएटिव चैंपियनशिप' का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 10 बजे पुलिस लाइन स्थित एकलव्य शूटिंग रेंज में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, अध्यक्ष हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास, जिंदल स्टील एंड पॉवर के प्रेसिडेंट कार्पोरेट अफेयर्स प्रदीप टंडन, आईडीबीआई बैंक के महाप्रबंधक आशीष त्रिपाठी होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन आईडीबीआई बैंक, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन, जिंदल स्टील एंड पॉवर के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के पत्रकारों के लिए पहली बार शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर समेत अन्य जिलों के 200 से अधिक पत्रकार हिस्सा ले रहे हैं। समापन 9 अक्टूबर को होगा।

## तालाब को पाटा, जांच के बाद पहुंची जेसीबी, पर इसके पीछे कौन, खुलासा नहीं



### रात में चलता था पाटने का काम

तालाब को पाटने का काम रात के समय में चलता था। क्षेत्र में रहने वाले शरद पांडेय नामक व्यक्ति ने अपने साथियों की मदद से इस मामले का भंडाफोड़ किया है, जिसके बाद इसकी शिकायत नगर निगम और पटवारी कार्यालय में की थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में भू-माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब सरकारी तालाबों पर भी कब्जा किया जा रहा है। एक ऐसे ही ताजा मामले में विधानसभा रोड से लगे सड्डू के पास एक सरकारी तालाब को मलबा डालकर उसे पाटने का प्रयास किया जा रहा था। यह तालाब दो वार्ड की सीमा में आता है, जिसमें से एक वार्ड पार्षद का कहना है कि तालाब पहले उसके क्षेत्र में आता था, अब नहीं है। वहीं दूसरे पार्षद का कहना है कि इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। इस मामले के उजागर होते ही राजस्व एवं नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और तालाब को पाटे जाने से बचाया। हालांकि इस मामले में अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि तालाब को पाटने के पीछे कौन है। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड 8 एवं कुशाभाऊ ठाकरे ▶▶|शेष पेज 11 पर

- पटवारी ने सौंपी जांच रिपोर्ट, निगम अमला पहुंचा

### मेरे क्षेत्र में नहीं आता

जिस तालाब पर कब्जा करने की शिकायत आई है, वह तालाब पहले मेरे क्षेत्र में आता था, लेकिन अब वार्ड 8 में आता है। - **सुशीला धीवर**, पार्षद, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड-7

### फोन पर नहीं बता सकता

तालाब को पाटने की जानकारी नहीं थी। शिकायत के बाद पता चला है। पाटने का काम कौन करवा रहा है, इसकी जानकारी फोन पर नहीं दे सकता। आज व्यस्त हूं। नहीं मिल पाऊंगा। - **गोपेश कुमार साहू**, पार्षद पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड-8

### सीमांकन कर रिपोर्ट दे दी

तालाब की जमीन का सीमांकन कर रिपोर्ट विभाग को सौंप दी है। इस मामले में अब विभाग आगे जांच कर कार्यवाही करेगा। - **अनिकेत झा**, पटवारी

**तालाब के हिस्से में कब्जा :** निगम अधिकारी आदिल खान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रिंस ढाबा के संचालक को भी नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि ढाबा के पीछे का हिस्सा भी देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तालाब को पाटकर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जहां ढाबा बना है, वह जमीन सरकारी है या निजी, इसका भी पता लगाया जा रहा है। इसके लिए ढाबा संचालक से उसके कब्जा वाली जमीन के दस्तावेज भी मांगे गए हैं।

## नगर निगम की सामान्य सभा आज, 31 एजेंडों पर होगी चर्चा प्रश्नकाल में हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

4 अक्टूबर को होने वाली नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार होने के आसार हैं। भाजपा पार्षद दल सड़क, पानी, बिजली और नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सदन में शहरी सरकार से जवाब मांगने उतरेगा। वहीं मास्को सरकार के साथ महापौर के लाइट मेट्रो ट्रेन चलाने के एमओयू पर सवालों की झड़ी लगेगी। सूत्रों के मुताबिक सामान्य सभा के प्रश्नकाल में लाइट मेट्रो ट्रेन के संबंध में पूछे गये प्रश्न को अग्राह्य किये जाने को लेकर विपक्ष हंगामा कर सकता है। निगम की होर्डिंग्स पालिसी, यूनीपोल और 70 वार्डों में सीसीटीवी कैमरा की योजना निशाने पर रहेगी।

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 4 अक्टूबर को सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित है। इसमें विपक्ष शहर के नरैया तालाब के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार के नाम पर 10 करोड़ की राशि खर्च करने का हिसाब किताब मांगेगा। इसमें 1.50 करोड़ की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन, 90 लाख रुपये की प्रस्तावित चौपाटी, 1 करोड़ 89 हजार खर्च कर पौधारोपण, लैंडस्केपिंग और बगीचा विकसित करने का ▶▶|शेष पेज 11 पर



- 70 वार्डों में सीसीटीवी कैमरा से लेकर मास्को यात्रा पर महापौर को घेरने विपक्ष तैयार
- होर्डिंग्स पालिसी, यूनीपोल, उद्यानों के व्यवसायीकरण पर पूछेंगे सवाल

## पटाखों का लाइसेंस नवीनीकरण कराने इस बार अर्जियां आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में इस दीपावली पर वैध की जगह अवैध पटाखों की दुकानें ज्यादा दिखाई दे सकती हैं, क्योंकि इस बार अस्थाई रूप से पटाखा बेचने लाइसेंस का नवीनीकरण कराने वालों की संख्या आधी हो गई है। जिला प्रशासन के एडीएम कार्यालय में पटाखा लाइसेंस का नवीनीकरण कराने की अंतिम तारीख तक 260 आवेदन ही आए हैं, जबकि पिछले दो वर्ष में यह आंकड़ा चार से साढ़े चार सौ पार के करीब था। इधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर अस्थाई पटाखा दुकान लगाने के लिए इस बार प्रशासन ने पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण एवं नया लाइसेंस बनाने के लिए 1 अगस्त से 30 सितंबर तक आवेदन मंगाए गए थे। इस बार आवेदन ▶▶|शेष पेज 11 पर



### नियमानुसार कार्रवाई करेंगे

पटाखा बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस पटाखा बेचने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस बार नवीनीकरण कराने वालों के आवेदन कम आए हैं। - **देवेंद्र पटेल**, एडीएम रायपुर

### नए लाइसेंस के लिए चार गुना ज्यादा आवेदन

नया लाइसेंस बनाने के लिए इस बार 220 आवेदन किए गए हैं। पिछले दो वर्ष की तुलना में नए लाइसेंस के आवेदनों में चार गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 में 60 एवं वर्ष 2023 में 65 आवेदन किए गए थे। हालांकि पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने से नए आवेदनों को लाइसेंस जारी नहीं किया गया था।

### हर बार शिकायत

दीपावली पर हर बार जिले में पटाखों की सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी दुकानें बिना लाइसेंस जारी कराए खुल जाती हैं। सूचना या शिकायत मिलने पर कहीं-कहीं कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन यह कार्रवाई खानापूर्ति करने वाली ही रही है, क्योंकि शहर में कई थानों के आसपास ही पटाखा की अवैध दुकानें संचालित होती हैं, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

## शराबी ने की डॉयल-112 की गाड़ी में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में एक शराबी द्वारा डॉयल-112 की जीप में तोड़फोड़ करने की घटना सामने आई है। शराबी के खिलाफ पुलिस ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अपराध दर्ज किया है। घटना चार दिन पूर्व गंजपारा स्थित शराब दुकान की है। पुलिस के मुताबिक डॉयल-112 की जीप में तोड़फोड़ करने के आरोप में सोना के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 30 सितंबर की रात साढ़े नौ बजे गंज शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों ने एक शराबी द्वारा शराब दुकान में उत्पात मचाने की सूचना दी। शराबी दुकान बंद होने के बाद शराब मांग रहा था। मना करने पर शराबी दुकान के पास उत्पात मचाने लगा। शराबी को लेने पुलिस शराब दुकान ▶▶|शेष पेज 11 पर

- थाना लाते वक्त शराबी ने जीप का शीशा तोड़ा, घटना गंज थाना क्षेत्र की

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411










दुर्गा पूजा हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण और पवित्र त्योहार है, जो मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य कई राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से माँ दुर्गा की पूजा और उनकी महिमा का गुणगान करने के लिए मनाया जाता है। इसके पीछे कई धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कारण हैं:

### बुराई पर अच्छाई की विजय

दुर्गा पूजा का मुख्य उद्देश्य माँ दुर्गा की पूजा करना है, जो महिषासुर नामक दानव का वध करने के लिए माने जाते हैं। यह कथा अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। माँ दुर्गा ने अपने अद्भुत शक्तियों का उपयोग करके महिषासुर जैसे शक्तिशाली दानव को परास्त किया, जिससे यह संदेश मिलता है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय प्राप्त करती है।

### स्त्री शक्ति का प्रतीक

माँ दुर्गा को शक्ति, साहस और करुणा की देवी माना जाता है। दुर्गा पूजा के माध्यम से स्त्री शक्ति का सम्मान किया जाता है और यह दिखाया जाता है कि स्त्री में कितनी शक्तिशाली ऊर्जा निहित होती है। यह पर्व महिलाओं की भूमिका और महत्व को भी उजागर करता है।

### आध्यात्मिक शुद्धि और आत्म-विकास

दुर्गा पूजा के दौरान उपवास, ध्यान, और पूजा-अर्चना के माध्यम से भक्त अपनी आत्मा की शुद्धि करते हैं और आध्यात्मिक विकास की ओर अग्रसर होते हैं। यह समय होता है आत्म-चिंतन और अपने अंदर की शक्तियों को पहचानने का।

### सांस्कृतिक और सामाजिक एकता

दुर्गा पूजा समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती है। लोग एक साथ मिलकर पूजा-अर्चना करते हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, नृत्य-गान करते हैं और पारिवारिक तथा सामाजिक बंधनों को मजबूत करते हैं। यह त्योहार समाज में सौहार्द्र और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है।

### प्रकृति और कृषि से संबंध

दुर्गा पूजा का समय कृषि चक्र में महत्वपूर्ण होता है। फसल कटाई के बाद आने वाला यह त्योहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह उनकी मेहनत का परिणाम मनाने का समय होता है। साथ ही, यह प्रकृति के चक्र और उसके महत्व को भी दर्शाता है।

### आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन

दुर्गा पूजा के दौरान भक्त अपनी आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन करते हैं। यह त्योहार भगवानों के प्रति भक्ति और विश्वास को प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। माँ दुर्गा की पूजा से भक्तों को मानसिक शांति और संतोष की अनुभूति होती है।

Contact for Ad. 9826708989, 9826161116












# यूटीएस एप से ऑनलाइन जनरल टिकट बुक करने पर एक साल और मिलेगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मोबाइल यूटीएस एप से जनरल और प्लेटफार्म टिकट बुक करने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत का बोनस मिलता रहेगा।

रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा के लिए आर-वालेट के प्रत्येक रीचार्ज पर मिल रहे तीन प्रतिशत के बोनस को 24 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया है। यात्री बोनस के साथ स्टेशन से 50 किमी दूर से भी जनरल और प्लेटफार्म टिकट बुक कर सकते हैं। मोबाइल यूटीएस एप पर मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण भी हो जाता है। किराये के भुगतान के लिए मोबाइल यूटीएस एप पर आर-वालेट, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआइ की सुविधा प्रदान की गई है।

मोबाइल यूटीएस एप की सुविधा दपूमरे रेलवे के स्टेशनों पर मिलनी आरंभ हो गई है। यूटीएस की सुविधा से यात्रियों को जनरल टिकट के लिए काउंटरों के सामने लंबी लाइन में खड़ा होने की जरूरत नहीं पड़ती।

■ आर-वालेट के प्रत्येक रीचार्ज पर मिल रहे तीन प्रतिशत के बोनस को 24 अगस्त तक बढ़ाया गया




### टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड की भी सुविधा

मोबाइल यूटीएस एप के अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के सभी टिकट काउंटरों, आरक्षित और अनारक्षित पर किराए के ऑनलाइन भुगतान के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। यात्री अपने मोबाइल फोन के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई, बैंकिग ऐप, ई वालेट आदि से भुगतान कर टिकट खरीद सकेंगे। यात्री किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यात्री रेल मदद या हेल्प लाइन नंबर 139 पर मदद मांग सकते हैं। मोबाइल यूटीएस एप के माध्यम से टिकट बुक करने के लिए प्ले स्टोर से यूटीएस एप इंस्टाल कर रजिस्टर करना होगा। यात्री घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा कल

**रायपुर।** महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे रखी गई है। नाट्य मंडल के पदेन अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने विशेष सामान्य सभा के संदर्भ में कहा कि आगामी हफ्तों और महीनों में महाराष्ट्र मंडल में महाराष्ट्र नाट्य मंडल की नाट्य गतिविधियां बढ़ेंगी, जैसे 19 और 20 अक्टूबर को मराठी सोहला (मेला) में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बीच महाराष्ट्र नाट्य मंडल के योगदान पर चर्चा होगी। नाटक 'भानगड़ पहावी लपवून' के दीपावली के बाद नवंबर माह में दोबारा मंचन और वृहन्न महाराष्ट्र मंडल के 10 व 11 जनवरी 2025 को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मराठी नाट्य मंचन की संभावना पर चर्चा की जा सकती है।

## निधन

### दमयंतीन वर्मा

**रायपुर।** उरकुरा निवासी दमयंतीन वर्मा (60) का निधन हा गया।



उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उरकुरा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोहर वर्मा की पत्नी एवं मिथिलेश वर्मा की माता थीं।

### बुधियारिन बाई सोनकर

**रायपुर।** टिल्लू चौक सोनकर पारा निवासी बुधियारिन बाई सोनकर (85) का 3 अक्टूबर को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे नेहरू, झन्नू, पुरुषोत्तम, भागवत सोनकर की माता और किशोर, सोनल, छबिराम व हेमंत की दादी थीं।

### उज्ज्वला इंगले

**रायपुर।** कमल निवास बैरन बाजार निवासी उज्ज्वला इंगले (78) का 3 अक्टूबर को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे शरद, संजय, विजय, वीणा, मीना इंगले और सुरभि गनोदवाले की बड़ी बहन और सुकृत गनोदवाले की मौसी थीं।

### रायपुर से अभनपुर तक न्यूनतम किराए मात्र 30 रुपए में कर सकेंगे सफर

# दीपावली में रायपुर से अभनपुर तक दौड़ेगी पैसेंजर, स्टेशन का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन चलाने का इंतजार अब खत्म होता दिख रहा है। यात्री अब दीपावली से ट्रेन के जरिए सीबीडी,(नवा रायपुर) और केंद्री से होते हुए अभनपुर जा सकेंगे। रेलवे बोर्ड से ट्रेन शुरू करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद अब रायपुर मंडल ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सीबीडी स्टेशन में एनआरडी और रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम अंतिम चरण में हैं। केंद्री और अभनपुर रेलवे स्टेशन पूरी तरह तैयार हो चुका है।

खास खबर

सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि ट्रेक की जांच पिछले साल नवा रायपुर से मंदिर हसौद के बीच 120 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन चलाकर की गई थी। जांच में ट्रेक को सही पाया गया था। इस वजह से ट्रेन चलाने में कोई दिक्कत नही होगी। परिचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा दृष्टि से मंडल स्तर पर पटरियों की जांच की जाएगी। ट्रायल ट्रेन चलाने के बाद ही नियमित ट्रेन चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सीबीडी स्टेशन में आवश्यक यात्री सुविधा को लेकर कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। दीपवाली में यात्रियों को अभनपुर तक ट्रेन की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।

### पटरियों की जांच के बाद होगा परिचालन

#### प्लेटफार्म पर आधुनिक यात्री सुविधाएं

छोटी रेललाइन खत्म होने के लगभग 9 साल बाद रायपुर से अभनपुर तक नियमित ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे यात्रियों को स्टेशन में आधुनिक सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है। प्लेटफार्म पर डिस्प्ले, पंखे, वेटिंग रूम, अनाउंसमेंट, रेस्त्रां समेत पार्किंग व अन्य सुविधाएं मिलेगी। केंद्री और अभनपुर की तुलना में सीबीडी का स्टेशन बड़ा है। अभी फिलहाल ट्रेनों का परिचालन एक ही प्लेटफार्म से होगा। रेलवे प्रशासन इसी महीने तीनों स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेकर अधूरे कार्य को पूरा करने में जुट गया है। रायपुर से अभनपुर का सफर तय करने में एक घंटे से भी कम समय लगेगा। स्टेशनों पर 5 से 10 मिनट का स्टॉपेज मिलेगा। यात्री बस से भी कम किराए में सफर कर सकेंगे।




■ रेलवे बोर्ड से मिली हरी झंडी, पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के बाद रेलवे चलाएगा नियमित ट्रेन

■ रायपुर से मंदिर हसौद होते हुए सीबीडी और केंद्री से अभनपुर जाएगी मेमू ट्रेन

#### दीपावली से ट्रेन चलाने की उम्मीद

रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन जल्द शुरू होगी। पटरियों की जांच और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम इसी महीने पूरा किया जाएगा। पूरी उम्मीद है कि दीपावली पर यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी।

\- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

#### न्यूनतम किराए का मिलेगा लाभ

रेलवे ने लगभग 50 किलोमीटर तक ट्रेन में सफर के लिए न्यूनतम किराया 10 रुपए तय किया है, जिसका फायदा यात्रियों को रायपुर से अभनपुर आने पर मिलेगा। दोनों की बीच दूरी 30 किलोमीटर है। वर्तमान में नवा रायपुर जाने वाले यात्री सिटी बस या फिर प्राइवेट वाहन से आना-जाना करते हैं। रायपुर से नवा रायपुर तक सिटी बस का किराया 45 रुपए है। वहीं मेमू का किराया रेलवे ने 10 रुपए तय किया है। इससे यात्रियों को 35 रुपए की बचत होगी। रेलवे ने इस लाइन पर 250-250 मीटर का लंबा रेल पैच बिछाया है। इसमें ज्वाइंट कम हैं, जिससे यात्रियों का सफर आरामदायक होगा और धक्के नहीं लगेंगे। नवा रायपुर मंत्रालय जाने वाले यात्री केंद्री स्टेशन से उतरकर मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय सहित अन्य जगह आसानी से जा सकेंगे।

### कारोबारी से साढ़े 15 हजार की ठगी


# ऑनलाइन पेमेंट के नाम से फ्रॉड करने वाला गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिविल लाइंस, टिकरापारा, तेलीबांधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन पेमेंट करने के नाम पर ठगी करने वाले दंपति के पकड़े जाने के बाद राजधानी में एक नया गिरोह सक्रिय हो गया है।

कबीर नगर थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने एक किराना दुकान कारोबारी से साढ़े 15 हजार रुपए का सिगरेट खरीद कर ऑनलाइन पेमेंट करने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। कारोबारी खेमराज सिन्हा के मुताबिक तीन दिन पूर्व उसकी दुकान में दो लड़के आए और अपनी दुकान के लिए थोक में सिगरेट खरीदने मोल भाव किया। सौदा तय होने पर लड़कों ने अलग-अलग ब्रांड के साढ़े 15 हजार रुपए की सिगरेट खरीदी।

सिगरेट खरीदने के बाद लड़कों ने कारोबारी को पक्का बिल देने के लिए कहा। कारोबारी पक्का बिल देने राजी हुआ, तो जालसाज कच्चे में ही सिगरेट लेने की बात कह कर ऑनलाइन पेमेंट करने का झांसा दिया और ठगी का शिकार बनाया।



■ जालसाज का सीसीटीवी फूटेज सामने आया

#### ऐसे करते हैं ठगी

फोन पे, गूगल पे या पेटीएम से ठगी करने वाले जालसाज अपने मोबाइल में पेमेंट का स्क्रीन शॉट पहले से रखे होते हैं। किसी दुकान में खरीदी करने के बाद संबंधित वालेट से वालेट चलाने वाले का नाम जान लेते हैं। इसके बाद जालसाज उस व्यक्ति को अकाउंट होल्डर का नाम बताकर पेमेंट करने का झांसा देते हुए स्क्रीन शॉट दिखाकर रफूचक्कर हो जाते हैं। पूर्व में पकड़े गए दंपति भी इसी तर्ज पर ठगी करते थे।

*जालसाजों से ऐसे बचा जा सकता है*

*वॉलेट से पेमेंट लेने की स्थिति में जब तक पेमेंट मिलने का वेरिफिकेशन टोन नहीं आता, तब तक खरीदार को दुकान में रोक कर रखना चाहिए। ऑनलाइन पेमेंट हो जाने के बाद किसी कारणवश पेमेंट अकाउंट में नहीं आ पाता है, तो इस स्थिति में कारोबारी को उस ग्राहक का मोबाइल नंबर नोट कर रखना चाहिए। इसके बाद दिए गए नंबर पर कॉल कर पुष्टि करनी चाहिए।*

#### जालसाजों ने ऐसे की ठगी

कारोबारी के अनुसार वो कीपेड मोबाइल चलाता है। उसका बेटा स्मार्ट फोन चलाता है। जालसाजों ने सिगरेट खरीदने के बाद ऑनलाइन पेटीएम से पेमेंट करने की बात कही, तो कारोबारी ने अपनी दुकान में खड़े अपने परिचित के फोन पर ऑनलाइन पेमेंट करने कहा। इसके बाद जालसाजों ने कारोबारी के परिचित के अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने का झांसा देकर पेमेंट का स्क्रीन शॉट दिखाया और रफूचक्कर हो गए।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक माह में 57 गुम बच्चे रिकवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस ने गुमशुदा तथा अपहरण किए गए बच्चों की तलाशी के लिए राज्यव्यापी ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया। रायपुर जिला पुलिस ने एक से 30 सितंबर तक देश के अलग-अलग राज्यों से 48 लड़कियों को तथा नौ लड़के की पतासाजी कर उन्हें बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

एएसपी आईयूसीएडब्लू ललिता मेहर के मुताबिक एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया। इनमें जिन मामलों में बच्चों को शादी करने का झांसा देकर या अन्य प्रलोभन देकर अपहरण किया गया है, उनमें आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की पहल पर पुलिस हर वर्ष ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों का पता तलाश करने का काम करती है। लापता बच्चों को रिकवर करने पुलिस की टीम तकनीकी मदद लेने के साथ मुखबिरों की मदद लेती है। पुलिस ने जिन बच्चों को रिकवर किया है, उनमें से ज्यादातर ग्रामीण थाना क्षेत्र के बच्चे हैं।




■ लापता बच्चों में नौ लड़के तथा 48 लड़कियां शामिल

### आदर्श एंड स्पोर्ट्स क्लब गणेशोत्सव समिति को मिला पहला पुरस्कार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गणेश विसर्जन झांकी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम पुस्कार आदर्श सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब गणेशोत्सव समिति लाखेनगर सोनकरपारा को दिया गया। एटी ज्वेलर्स द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर आदर्श सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं और बधाई दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## माता कौशल्या मंदिर सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद चंदखुरी के कौशल्या मंदिर सड़क का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इस सड़क को बनाने का काम पूर्व कांग्रेस शासनकाल में शुरू हुआ था, लेकिन अब तक यह सड़क बन नहीं पाई है। इसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर 2024 तक सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

रेडक्रास भवन में गत दिनों पूर्व जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में कौशल्या मंदिर सड़क के अधूरे निर्माण के मामले में चर्चा हुई थी। पंचायत की सदस्य सोना वर्मा ने कौशल्या मंदिर जाने वाली अधूरी सड़क को लेकर प्रश्न लगाया था। उन्होंने विभाग से पूछा था कि आखिर कब तक सड़क का काम पूर्ण किया जाएगा। सोना वर्मा के इस प्रश्न पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंदिर मार्ग का 10.40 किलोमीटर सड़क का कार्य निर्माणाधीन है। हालांकि इस सड़क का डीबीएम स्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब सिर्फ डामरीकरण किया जाना शेष है। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि डामरीकरण का काम ही तो मुख्य होता है। इसके बिना सड़क किस काम की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इतने सालों में यह सड़क बन नहीं पाई है। इसे जल्द से जल्द पूर्ण करें।



■ रेडक्रास भवन में गत दिनों पूर्व जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में कौशल्या मंदिर सड़क के अधूरे निर्माण के मामले में चर्चा हुई थी

## पेज 09 के शेष ...

### स्कूलों पर जुर्माने ....

में एक माह बाद फॉर्म भरे जाने पर विद्यालयों को विलंब शुल्क के रूप में 30 हजार से अधिक की राशि चुकानी होगी। सभी विद्यालयों को मिलाकर लगभग 4 करोड़ की राशि माशिम को जुर्माने से प्राप्त होगी।

### शासकीय विद्यालयों का ....

सूची में शासकीय विद्यालय भी हैं। शासकीय स्कूल किस मद से इस राशि का भुगतान करेंगे, इसे लेकर ऊहापोह की स्थिति है।

### पटाखों का लाइसेंस...

लोक सेवा केंद्र में जमा कराए गए हैं। विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नवीनीकरण के लिए कुल 260 आवेदन आए हैं, वहीं नया लाइसेंस बनाने 220 आवेदन आए हैं। नवीनीकरण के लिए आवेदन पिछले दो वर्ष के आंकड़ों के अनुसार बहुत कम है। वर्ष 2022 में 450 एवं वर्ष 2023 में 405 आवेदन नवीनीकरण के लिए आए थे, जिन्हें लाइसेंस जारी किया गया था।

**लाइसेंस दशहरा के बाद होगा जारी :** आवेदन करने की तारीख खत्म होने के बाद नवीनीकरण एवं नया लाइसेंस के लिए आवेदन लेना बंद कर दिया गया है। जितने आवेदन आए हैं, उन्हें भी अभी तक लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि लाइसेंस दशहरा के बाद ही जारी किया जाएगा। जल्दी लाइसेंस जारी करने से लोग एक माह पहले ही दुकानें लगा लेते हैं, जबकि अस्थाई पटाखा का लाइसेंस 10 दिनों के लिए ही जारी किया जाता है।

### नगर निगम की सामान्य...

प्रस्ताव है। इसके साथ खम्हारडीह में नई पानी टंकी, पूर्व स्वीकृत दर शहर के नए चिन्हांकित सड़कों की रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई कार्य संबंधी एजेंडा मंजूरी के लिए लाया जा रहा है। इसके अलावा निगम मुख्यालय के पास पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों के आवंटन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा होगी। महापौर एजाज ढेबर ने सामान्य सभा में पार्षदों द्वारा पूछे गये प्रश्न के संबंध में विभाग के भारसाधक सदस्यों की गुरुवार को गांधी सदन में बैठक ली। इस दौरान प्रश्नकाल में लगाये गये प्रश्नों के जवाब की तैयारी और उसके प्रस्तुतिकरण को लेकर भारसाधक सदस्यों के साथ चर्चा की गई। श्री ढेबर ने अपने परिषद के एमआईसी सदस्यों से कहा है कि वे सदन में पूरी तैयारी के साथ पार्षदों द्वारा पूछे गये प्रश्न का जवाब देने तैयार रहें। विदित हो, इस बार के प्रश्नकाल में 10 भाजपा पार्षदों के अलावा 5 कांग्रेसी पार्षद भी जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी ही पार्टी के महापौर और उनकी परिषद से सवाल दागने तैयार बैठे हैं। शुक्रवार को सामान्य सभा में एजेंडे पर चर्चा से पहले 1 घंटे के प्रश्नकाल में ये नजारा देखने को मिलेगा।

### तालाब को पाटा, जांच...

वार्ड 7 के सीमा क्षेत्र में सड्डू के पास प्रिंस ढाबे के बगल में ढाई एकड़ जमीन पर सरकारी तालाब है, जिसका खसरा नंबर 353/3 है। यहां के स्थानीय निवासी किशोर कुमार बंजारे, दीपक ने बताया कि यह तालाब सालों पुराना है, जिसका उपयोग गांव के लोग करते आ रहे थे, लेकिन पिछले करीब एक माह से तालाब में मलबा गिराकर इसे पाटा जा रहा था। इसका पता चलते ही गांव के लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम में की, जिसके बाद क्षेत्र के पटवारी अनिकेत झा ने अपनी रिपोर्ट बनाकर तहसील कार्यालय को भी दी है। इधर इस शिकायत के दो दिन बाद गुरुवार को नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ यहां पहुंची और तालाब को पाटने डाला गया मलबा को तालाब से निकालने की कार्यवाही कर रही है। टीम के प्रभारी आदिल खान ने बताया कि दो दिन में तालाब को कब्जा मुक्त करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तालाब संभवतः सरकारी है, जिसका उपयोग ग्रामीण करते आ रहे हैं। तालाब को पाटने का काम रात में किया जा रहा था, इसलिए अभी तक पता नहीं चल पाया था। इसकी शिकायत मिलते ही कार्यवाही की जा रही है।

### शराबी ने की...

पहुंची, तो वह उत्तेजित हो गया और गाली-गलौज करने लगा। शराबी को पुलिस जीप में बैठाकर थाना ला रही थी, इस दौरान शराबी ने जीप के पीछे तरफ के दरवाजे का शीशा तोड़ दिया। शीशा तोड़ने से शराबी का हाथ लहूलुहान हो गया।


**// नाम परिवर्तन सूचना //**
**शपथ पत्र**

मै स्नेहा सरूण मैथ्यू पति सरूण मैथ्यू, निवासी-जे-728, जनता कालोनी, तिलक नगर, गुढियारी, रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरा नाम विवाह पूर्व के. स्नेहा पिता के. देवदास के नाम से जानी व पहचानी जाती थी, तथा विवाह के पूर्व के मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम के. स्नेहा पिता श्री के. देवदास दर्ज है।
3. यह कि, मेरा विवाह दिनांक 27.12.2018 को सरूण मैथ्यू पिता सन्नी मैथ्यू निवासी-जे-728, जनता कालोनी, तिलक नगर, गुढियारी, रायपुर छ.ग. के साथ हुआ है। विवाह पश्चात मेरा नाम स्नेहा सरूण मैथ्यू पति सरूण मैथ्यू हो गया है, तथा मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजो शासकीय,अर्द्धशासकीय, निजी, बैंक, निकाय इत्यादि समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम स्नेहा सरूण मैथ्यू पति सरूण मैथ्यू दर्ज किया जावे ।
4. यह कि, यह शपथपत्र मेरे उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन मे सादर प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती

**सत्यापन-** मै उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि उपर दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर छ.ग.
दिनांक -3 OCT 2024
सत्यापनकर्ती
स्नेहा सरूण मैथ्यू

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 09**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 03.10.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कमलचंद जैन पिता स्व.नेमीचंद जैन निवासी अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित भूमि ग्राम तेलीबांधा पटवारी हल्का नंबर 64 राजस्व निरीक्षक मंडल 09, रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 496/7 रकबा 0.0150 हे. का बटांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 18.09.2024 के परिपालन में दिनांक 09.10.2024 को समय 12 बजे के पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 64 के श्याम नगर रायपुर स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-09

**नाम परिवर्तन सूचना**
**शपथ-पत्र**

मैं निकहत बानो उम्र 29 वर्ष पति मो. शकील खान, निवासी वार्ड नं.-07 संजय नगर, शिवाजी चौक फिंगेश्वर, पो.+ थाना+ तहसील+ वि.खं.-फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं :-

(1) यह कि, मेरा नाम, उम्र, पति का नाम एवं निवास पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि, मेरा आधार नंबर- 3295 9629 0524 है। आधार कार्ड में मेरा नाम भानु प्रिया Bhanu Priya पत्ताः द्वारा मोश्तकीम अली, 00 वॉर्ड नं.-07, फिंगेश्वर लिखा हुआ है।
(3) यह कि विवाह के पूर्व मुझे भानु प्रिया नाम से लिखा-पढ़ा एवं जाना-पहचाना जाता था। विवाह के बाद से मुझे निकहत बानो Nikht Bano पता : द्वारा : मो. शकील खान, वॉर्ड नं.-07, फिंगेश्वर नाम से जाना-पहचाना जावे तथा समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखों, दस्तावेजों में दर्ज किये जाने यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका-1 से 3 के कथन सत्य है। अतः आज दिनांक 29/07/2024 को स्थान राजिम में शपथ-पत्र को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी हूं।
दिनांकः-29/07/2024

सत्यापनकर्ती
निकहत बानो

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-** RD202425440722100002

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी मोतीलाल पि. राम निवास अग्रवाल सा. रायपुर पिता/पति-पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 419/2 (0.0506) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नीलम साहू पिता/पति- यशवंत साहू पता-मकान नं 05/512 मनिहार एम जी एम विला रामसागर पारा हनुमान मंदिर के पास रायपुर, यशवंत साहू पिता/पति- गैंदराम साहू पता-मकान नं 05/512 मनिहार एम जी एम विला रामसागर पारा हनुमान मंदिर के पास रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर - 02-A पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : मणिमुक्ता पाटिल तहसील-रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ** :- जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न. **00070 टिकरापारा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **RD202425440725600008**

**।। ईश्तहार ।।**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00070** के अंतर्गत ग्राम **टिकरापारा** के वर्तमान भूमिस्वामी **रायपुर विकास प्राधिकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर पिता/पति- पता-** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 691/2 (0.0060) में प्रस्तावित भूमि स्वामी /क्रेता **विमल पाण्डेय पिता/ पति - श्याम कुमार पाण्डेय पता-धरमपुरा जिला बस्तर जगदलपुर छत्तीसगढ़** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदारः Vikrant Rathore, रायपुर

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने आमंत्रण

**रायपुर** । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने का आमंत्रण गुरुवार को भारतीय सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस पर अवकाश

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। जीएडी द्वारा जारी आदेश में राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहेगा। बैंक, कोषालय, उप कोषालय और वित्तीय संस्थानों में यह आदेश लागू नहीं होगा।

### राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी बने प्रवास

**रायपुर**। राज्य शासन ने प्रवास कुमार सिंह बघेल को राजनांदगांव का नया जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। वे सहायक संचालक संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में पदस्थ थे। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि सहायक संचालक आदित्य खरे को राजनांदगांव के डीईओ के एडिशनल चार्ज से मुक्त कर दिया गया है।

### केनाल रोड अंधेरे में डूबा

**रायपुर**। अमलीडीह से कटोरा तालाब जाने वाला केनाल रोड में लगी ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी हैं। इसके कारण केनाल रोड अब रात के समय में अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को खराब हुए महीने भर से ज्यादा समय हो चुका है। इसके बाद भी इसे सुधारा नहीं जा रहा है।

### दक्षिण सीट के लिए क्षत्रिय, ठाकुर, राजपूत समाज ने मांगा टिकट



**रायपुर**। क्षत्रिय राजपूत ठाकुर समाज की ओर से दक्षिण विधानसभा की खाली सीट और होने वाले उप चुनाव के लिए पहली दावेदारी की गई। समाज ने एक स्वर में रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक पार्टियों से समाज को अवसर देने की मांग रखी है। लोगों ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में समाज के 12000 से अधिक मतदाता हैं। समाज में कई लोग हैं, जो राजनीतिक, सामाजिक रूप से पहचान रखते हैं। इनमें एक मनोज सिंह ठाकुर भी हैं। इनके परिवार ने हमेशा कांग्रेस की सेवा की है। इनका न केवल समाज, अपितु शहर में प्रभाव व सम्मान है। यह बात गुरुवार को पत्रकार वार्ता में ठाकुर समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ठाकुर ने कही।

# हाथी सहित अन्य वन्यजीव को बिजली करंट से बचाने वन के साथ विद्युत विभाग संभालेगा मोर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

वन्यजीव सप्ताह के बीच हाईकोर्ट ने वन्यजीवों के पक्ष में खासकर हाथी के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। दायर जनहित याचिका के पक्ष में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा बीडी गुरू की युगल पीठ ने फैसला सुनाया है।

वन विभाग ने कोर्ट में शपथपत्र देकर कहा है कि छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कंपनी अब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी हाथियों को बिजली करंट से बचाने का कार्य करेगी। इसके लिए बिजली कंपनी को निर्देश भी जारी किए गए हैं। कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए कहा है कि भारत सरकार की गाइडलाइंस और मूल भावना का पालन किया जाए।

गौरतलब है कि वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वर्ष 2018 में हाथियों की करंट से मौत के मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, तब विद्युत वितरण कंपनी ने साढ़े आठ हजार किलोमीटर 33, 11 तथा निम्न दाब लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने तथा बेयर कंडक्टर के स्थान पर कवर्ड कंडक्टर तथा एबीसी केबल लगाने एक हजार 674 करोड़ रुपए की वन विभाग से मांग की थी। तब से दोनों विभाग खर्च वहन करने एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे थे। हाथियों को करंट से बचाने वर्ष 2021 में नितिन सिंघवी ने पुनः याचिका दायर की।

## दो याचिका दायर करने के बाद वन्यजीवों के पक्ष में हाईकोर्ट ने दिया फैसला

### हाथियों को लेकर केंद्र की यह है गाइड लाइंस

हाथियों को करंट से बचाने केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में एक गाइड लाइन तैयार की है। गाइड लाइंस के मुताबिक हाथी की सूंड जहां तक जा सकती है, उससे ज्यादा ऊंची विद्युत लाइन का तार रखना है। उल्लेखनीय है कि वयस्क हाथी अपने सामने के दोनों पैर को ऊपर उठाकर पीछे के पांव में खड़ा होकर सूंड उठाता है, तो उंचाई 20 फीट तक हो सकती है।

### अन्य वन्यजीव करंट की चपेट में आने से बचेंगे

विद्युत वितरण कंपनी समय-समय पर झुकी हुई बिजली लाइन तथा खंभों को ठीक करने का काम करेगी। साथ ही खंभों पर तीन से चार मीटर तक बारबेट वायर लगाएगी। खंभों में बारबेट वायर लगाने से हाथी के साथ अन्य वन्यप्राणी करंट की चपेट में आने से बचेंगे। साथ ही हाथी विचरण क्षेत्र में बिजली कंपनी जंगली जानवरों के शिकार के लिए फैलाए जाने वाले स्थान एवं फसलों तथा घरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए घेरे में विद्युत फैलाए जाने की नियमित जांच करेगी। अस्थाई पंप और अवैध विद्युत कनेक्शन की भी जांच करेगी। प्रोटेक्टेड एरिया नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व, अभयारण्य, एलिफेंट कॉरिडोर में वन विभाग के साथ वर्ष में दो बार संयुक्त सर्वे करेगी।

### दो हजार से ज्यादा लूज पाइंट चिन्हांकित

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में इसी वर्ष 26 जून को ऊर्जा विभाग, विद्युत वितरण कंपनी तथा वन विभाग के अफसरों की बैठक हुई थी। बैठक में केंद्र सरकार की गाइड लाइन का पालन करने निर्णय लिया गया। वन विभाग के अफसरों ने एक सर्वे कराया है, जिसमें बिजली विभाग के दो हजार 333 लूज पाइंट चिन्हांकित किया गया है। बैठक में बिजली विभाग के अफसरों ने बताया कि पंप कनेक्शन के लिए बेयर कंडक्टर केबल को कवर्ड कंडक्टर में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

### निश्चित डेसीबल में साउंड सिस्टम बजाने के साथ तय समय पर आयोजन समाप्त करने निर्देश

# रास गरबा कार्यक्रम में गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

गणेशोत्सव आयोजन के एक पखवाड़े बाद दुर्गोत्सव नवरात्रि का पर्व बड़े जोर-शोर से मनाया जा रहा है। गणेशोत्सव की तरह नवरात्रि में पंडाल में प्रतिमा स्थापित करने का प्रचलन राजधानी में कम है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ तथा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले रास गरबा को लेकर पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने अलर्ट है। रास गरबा आयोजन समिति से जुड़े लोगों की पुलिस ने गुरुवार को एक बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक देवी मंदिरों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मंदिरों में सादी वर्दी में महिला तथा पुरुष पुलिस बल तैनात किए गए हैं। अफसर के अनुसार शहर के अलग-अलग 30 स्थानों पर रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। रास गरबा में किसी तरह की गड़बड़ी रोकने पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।



### बाजारों में निगरानी बढ़ाने निर्देश

नवरात्रि शुरू होने के साथ ही बाजारों में रौनक रहती है। बाजारों में खरीदारी करने इन दिनों ज्यादा भीड़ रहती है। इसके चलते उठाईगिरी तथा चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस की तैनाती बढ़ाने निर्देश दिए गए हैं।

### चेक करने के बाद एंट्री

पुलिस अफसर के अनुसार गरबा आयोजन करने वाली समितियों को आयोजन के पूर्व संबंधित थाना में सूचना देनी होगी। साथ ही गरबा आयोजन के दौरान सुरक्षा के लिए स्वयं की व्यवस्था से बाउंसर, वॉलेंटियर एवं सुरक्षा गार्ड तैनात करने तथा एंट्री के पूर्व सभी को चेक करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### गाइड लाइन के हिसाब से साउंट सिस्टम

अफसर के अनुसार गरबा आयोजन करने वाली समितियों को हाईकोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार साउंड सिस्टम बजाने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही साउंड सिस्टम तय समय तक बजाने की अनुमति दी गई है। तय समय के बाद साउंड सिस्टम बजाने पर अफसर ने संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### भगदड़ रोकने क्षमता के अनुसार पास

गरबा आयोजन में किसी भी तरह की भगदड़ की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए आयोजन समितियों को क्षमता के अनुरूप पास बांटने के लिए कहा है। साथ ही जहां गरबा का आयोजन किया जाएगा, वहां आयोजन समितियों को वाहन पार्क करने पर्याप्त जगह की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। साथ ही गरबा कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की फूहड़ता पर रोक लगाने के साथ नशे का सेवन कर आने वालों को एंट्री नहीं देने निर्देश दिए गए हैं।

### पंचमी, अष्टमी को विशेष व्यवस्था

पुलिस अफसर के अनुसार देवी मंदिरों में पंचमी तथा अष्टमी को अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रहेगी। शहर के प्रमुख मंदिर महामाया, शीतला, कंकाली, आकाशवाणी स्थित काली मंदिर, बंजारी मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसे देखते हुए पुलिस ने इन मंदिरों के पास जाम से निपटने ट्रैफिक के साथ पुलिसबल तैनात करने की जानकारी दी है।

# परिवहन विभाग अब हर सप्ताह बसों की किराया सूची की जांच करेगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों से मनमाना किराया वसूली करने की लगातार शिकायत मिलने के बाद परिवहन विभाग ने बसों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग के अफसर तथा उड़नदस्ता की टीम हर सप्ताह बसों की किराया सूची की जांच करने के साथ यात्रियों के टिकट की भी जांच करेगा। साथ ही ऑनलाइन टिकट लेने वालों की ऑनलाइन टिकट की भी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा देने का झांसा देकर तय किराया से ज्यादा किराया वसूल किया जा रहा है। इस बात को लेकर कंडक्टर तथा यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यात्रियों से ज्यादा किराया वसूली नहीं करने परिवहन विभाग के साथ पुलिस अफसरों ने बस ऑपरेटरों के साथ बैठक कर समझाइश दी है। बावजूद इसके बस संचालक मनमानी कर रहे हैं।



### मुख्यालय ने निर्देश जारी किया

बसों की नियमित जांच करने परिवहन मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। इसमें बसों में किराया सूची चस्पा किया गया है या नहीं, इसकी जांच भी की जाएगी। जिन बसों में किराया सूची चस्पा नहीं होगी, उन बसों के ऑपरेटरों से जुर्माना वसूल किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले बस ऑपरेटरों का परमिट भी रद्द किया जाएगा।

- आशीष देवांगन, रायपुर आरटीओ

### किराया सूची चस्पा करने निर्देश

छोटी दूरी की अपेक्षा लंबी दूरी की यात्री बसों में किराया सूची चस्पा नहीं होने की वजह से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने का किराया भाड़ा पता नहीं चल पाता। इस बात को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने बस ऑपरेटरों को अपनी बसों में अनिवार्य रूप से किराया भाड़ा सूची चस्पा करने निर्देश दिया है।

### परमिट निरस्त के साथ जुर्माना वसूली

परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देश के बाद जिन बसों में किराया सूची चस्पा नहीं होगी। उन बस ऑपरेटरों से जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई करने के साथ दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने पर परमिट निरस्त करने की चेतावनी जारी की गई है। परिवहन विभाग के निर्देशों के मुताबिक बसों में किराया सूची चस्पा करने के साथ कंडक्टर को अलग से किराया सूची साथ रखने कहा गया है। विवाद होने की स्थिति में कंडक्टर यात्री को किराया के बारे में उचित जानकारी दे सके।

### क्षमता के अनुसार सवारी बैठाने निर्देश

परिवहन विभाग ने बस ऑपरेटरों को क्षमता के अनुसार बसों में यात्री बैठाने निर्देश जारी किया है। छोटी दूरी के अलावा लंबी दूरी की बसों में अतिरिक्त सवारी बैठाई जाती है। लंबी दूरी के बस ऑपरेटर अतिरिक्त सवारी बैठाने प्लास्टिक के स्टूल का इस्तेमाल करते हैं।

### ऑनलाइन यात्रियों से अधिक किराया

लंबी दूरी के लिए संचालित ज्यादातर बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा दी गई है। छोटी की अपेक्षा लंबी दूरी के लिए बसो का संचालन कम होता है। इस बात का फायदा उठाते हुए बस ऑपरेटर ऑनलाइन टिकट बुकिंग करने पर यात्री से जीएसटी, सर्विस जार्च तथा मोबाइल एप का खर्च वसूलने अतिरक्त चार्ज जोड़ किराया वसूलते हैं।

# डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा, चार बसें सीएम हाउस से रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां बम्लेश्वरी के दर्शनलाभ के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के बस को मुख्यमंत्री निवास से झंडी दिखाकर रवाना किया और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। चारों यात्री बसों को झण्डी दिखाकर डोंगरगढ़ रवाना किया गया। मां बम्लेश्वरी के जयकारे और भजन-कीर्तन के साथ यह यात्रा शुरू हुई। गौरतलब है कि मां काली अन्नदान भंडारा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को पिछले 9 वर्षों से लगातार नवरात्रि पर्व पर मां बम्लेश्वरी धाम की निशुल्क यात्रा कराई जाती है। इस वर्ष भी आगामी 5 दिनों तक रोजाना चार बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भेजा जा रहा है।

### सीएम साय ने दिखाई हरी झंडी



### माता को अर्पित करने दी श्रृंगार सामग्री

*इस मौके पर मां काली अन्नदान भंडारा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने बताया कि बसों को रवाना करने के पूर्व श्री साय ने बस में चढ़कर प्रथम सीट पर बैठी महिला को श्रृंगार का सामान देते हुए आग्रह किया कि यह श्रृंगार का सामान आप मां बम्लेश्वरी को मेरी ओर से अर्पित कर देना। इसके बाद भक्तों से भेंट कर कहा कि आप दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जा रहे हैं और मुझे आपके ही दर्शन करने से मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त होगा। साथ उन्होंने समिति के सदस्यों से बसों के संचालन व यात्रियों के खानपान के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते समिति के कार्यों की प्रशंसा की।*

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संजय श्रीवास्तव, रमेश मिरघानी, सुंदरानी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, संदीप परिहार, गोल्डी बेदी, धीरज जोधानी, पंकज प्रधान, रोहित बाज, रवि जग्गी, मोहन धीवर, शुभम भारद्वाज सहित समिति के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# चैंबर ने जनजागरूकता के लिए चलाया आया त्योहार चलो बाजार अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने पारंपरिक बाजारों की रौनक लौटाने तथा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर खरीदी नहीं करने आया त्योहार चलो बाजार अभियान चलाया है।इसमें लोगों से यह अपील की गई है कि वे स्थानीय व छोटे दुकानदारों से खरीदारी कर बाजार की रौनक लौटाएं। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन लोकल फॉर वोकल अभियान को समर्थन देने चैंबर ने आया त्योहार चलो बाजार अभियान चलाया है।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि त्योहारी सीजन में व्यवसाय में ऑनलाइन दखल रोकने, स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करने एवं बाजार की रौनक लौटाने यह पहल छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में की जा रही है। व्यवसाय और उद्योग के उत्थान के लिए यह संस्था प्रयासरत है। अमर पारवानी ने कहा, ऑनलाइन व्यापार से परंपरागत व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। लोग आकर्षक छूट के लालच में घर बैठे सामान खरीद कर बाजार से भी विमुख हो रहे हैं। इसके कारण परंपरागत व्यवसाय विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जिसे रोकने "आया त्योहार चलो बाजार" अभियान के तहत चैंबर द्वारा आम जनता से स्थानीय बाजार के व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों से खरीदारी करने निवेदन किया जा रहा है। स्थानीय बाजार में खरीदारी से न सिर्फ व्यापार में वृद्धि होगी, अपितु त्योहारों की सार्थकता भी सिद्ध होगी।

### इंदिरा फैलोशिप के माध्यम से महिला शक्ति अभियान की घोषणा

**रायपुर**। इंदिरा फैलोशिप कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक पहल है, जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने शासन के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में महिलाओं को प्रोत्साहित और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। कांग्रेस पार्टी ने ऐसी नीतियां और पहले लागू की हैं, जिनसे राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी महिलाओं की राजनीति और राष्ट्र निर्माण में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के विचार में गहरी आस्था रखते हैं और उन्होंने महिलाओं से इस क्रांति, जिसे 'शक्ति अभियान' कहा जाता है।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर ने सिलतरा में लगाया कैंसर जांच शिविर

**रायपुर**। मध्यभारत के प्रमुख कैंसर अस्पताल बालको मेडिकल सेंटर ने हाल ही में सिलतरा में गोदावरी पॉवर एंड इस्पात के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता और कैंसर जांच शिविर लगाया। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करना था। शिविर में निशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। शिविर में बालको मेडिकल सेंटर की वरिष्ठ चिकित्सा निदेशक और मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. भावना सिरोही के साथ लंदन, कनाडा, न्यूजीलैंड और अमेरिका के चार अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ डॉक्टरों



ने हिस्सा लिया। उन्होंने स्थानीय रोगियों की जांच की और उन्हें निशुल्क परामर्श और चिकित्सा सलाह प्रदान की। शिविर के माध्यम से बालको मेडिकल सेंटर ने स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और उन्हें समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के महत्व को समझाया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर




# 27 साल बाद भी नियमितीकरण नहीं निकायों के कर्मी जाने लगे अदालत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में बरसों से काम कर रहे दैनिक वेतन भोगी अधिकारियों कर्मचारियों का नियमितीकरण अब तक नहीं हो पाया है। नियमितीकरण की मांग को लेकर ये लोग लंबे समय से आंदोलित रहे हैं। अब इन अधिकारी-कर्मचारियों ने नियमितीकरण के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भी चिंता में पड़ गया है। इस मामले को लेकर राज्य के सभी संयुक्त संचालकों, नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी किया गया है।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया पत्र

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी संयुक्त संचालकों को जारी पत्र में कहा है कि 31 दिसंबर 1997 के पूर्व से काम कर रहे दैनिक वेतन भोगी अधिकारियों कर्मचारियों का नियमितीकरण न होने के कारण न्यायालय में याचिका दायर किया जा रहा है। संयुक्त संचालकों से कहा गया है कि आपके संभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों से 31 दिसंबर 1997 के पहले से काम कर रहे सभी दैनिक वेतन भोगी अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी भेजें।

### ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य 7 को आएंगे राजधानी

**रायपुर**। ज्योतिष्ठपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 7 अक्टूबर को राजधानी आएंगे। गोध्वज स्थापना भारत परिक्रमा पर निकले शंकराचार्य का आगमन



सड़क मार्ग से होगा और वे बोरियाकला के शंकराचार्य आश्रम में अल्प विश्राम करेंगे। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद कमलविहार में शंकराचार्य चौक पर गोध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि शंकराचार्य महाराज गोरक्षा और संरक्षण के लिए जनजागरूकता का आव्हान करने भारत परिक्रमा पर निकले हैं। इसी कड़ी में 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कमल विहार गेट के सामने गोध्वज पूजन किया जायेगा।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



सर्दियों की तैयारी

## लाइव इवेंट

### एफसीआई : हिंदी पर मनोरंजक प्रतियोगिताएं, विजेता हुए सम्मानित



**दुर्ग।** भारतीय खाद्य निगम दुर्ग में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में मंडल प्रबंधक गोकुल सिंह, सहायक महाप्रबंधक महेश जायसवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। उनके द्वारा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य किए जाने हेतु अपील की गई, ताकि राजभाषा विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समापन समारोह का संचालन शालिनी धाकरे, राजीब कुमार मेहता, निर्भय सिंह चौहान, अनिल झोडे ने किया। राजीब मेहता ने बताया कि एफसीआई में लगातार कार्यशाला और बैठकें आयोजित कर हिंदी भाषा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसका असर देखने को भी मिला है। वर्तमान समय में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग भारतीय खाद्य निगम में किया जा रहा है। आने वाले समय में उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में हिंदी के उपयोग को लेकर और अधिक प्रयास किए जाएंगे।

■ हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह पर आयोजन

## सिटी इवेंट

### होनहार बच्चों को मिली 10 लाख की छात्रवृत्ति



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ज़कात फाउंडेशन की ओर से प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह सेक्टर-6 जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इसमें भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव के कक्षा छठवीं से कॉलेज स्तर तक के होनहार व जरूरतमंद स्टूडेंट की हौसला अफजाई व उनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए वजीफा दिया गया। इस दौरान मेहमान ए खुसूसी रिटायर्ड एडिशनल कलेक्टर कदीर अहमद खान ने बच्चों से कहा कि यहां मिलने वाली छात्रवृत्ति से आपकी पढ़ाई आसान होगी, लेकिन इसके साथ ही और ज्यादा मेहनत करना होगा। इससे आगे सफलता आपके कदम चूमे। उन्होंने बच्चों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ ज़कात फाउन्डेशन ने कक्षा छठवीं से लेकर कॉलेज स्तर तक के कुल 110 स्टूडेंट को कुल 10 लाख रूपए की छात्रवृत्ति दी गई।

#### जिन्हें छात्रवृत्ति मिली, उन्हें किया सम्मानित

राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड 2024 में सम्मानित और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में पदस्थ प्राध्यापिका डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी ने इन बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेहनत करके आगे बढ़ें और साथ ही उन्होंने कहा कि पढाई और करियर से संबंधित मार्गदर्शन के लिए स्टूडेंट उनसे संपर्क कर सकते हैं। आयोजन में भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और डॉ. शाह फैसल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सिटी इवेंट

### नवरात्रि पर केएच मेमोरियल स्कूल प्रांगण में मनमोहक स्टेज



**भिलाई।** नवरात्रि पर केएच मेमोरियल स्कूल प्रांगण में गुरुवार को नवनिर्मित स्टेज का भव्य शुभारंभ किया गया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन केके झा ने कलश प्रज्वलित कर नाम पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल विभा झा, डायरेक्टर निश्चय झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा सहित अन्य मौजूद थे। उद्घाटन एक सामूहिक गीत माता के सांग से हुआ। नन्हीं स्टूडेंट अमृत कौर ने एक गीत गाया। झा ने कहा कि स्कूल में एक परमानेंट स्टेज की बहुत जरूरत थी। जिस तरह बिना नाक के हमारे चेहरे का कोई अस्तित्व नहीं, इसी तरह बिना स्टेज के स्कूल की कल्पना नहीं की जा सकती। यह स्टेज स्कूल की नाक है। अब यहां के स्टूडेंट्स को प्लेटफार्म मिल गया है। डायरेक्टर निश्चय झा ने कहा कि स्टेज पर एक स्टूडेंट हमेशा अनुशासित रहता है। उसमें अलग तरह का कॉन्फिडेंस रहता है।

● निशुल्क पंजीयन कर प्रतियोगिता जीतने का अवसर, ट्रेनिंग के अब दो दिन शेष

# नवरात्रि आरंभ, हरिभूमि के गरबा आयोजन में उमड़ रही भीड़, छह और सात अक्टूबर को ग्रैंड फिनाले

भिलाई। शारदीय नवरात्र की शुरुआत गुरुवार से हो गई है। जिसके लिए सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। दुर्गा पूजा के साथ ही अब दुर्ग-भिलाई में परंपरागत गरबे की धूम मचेगी। अनेक स्थानों में गरबा-डांडिया की प्रैक्टिस भी कराया गया है। नवरात्र पर्व पर दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर तक सेक्टर 8 स्टील क्लब में किया जाएगा। जिसके लिए स्टील क्लब में दोपहर 2 से 5 बजे तक गरबा की ट्रेनिंग ट्विनसिटी के स्पेशल ट्रेनर्स द्वारा स्टील क्लब सेक्टर 8 में दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए अब मात्र दो दिन शेष बचे हुए है।

### 6 और 7 को स्टील क्लब में होगा ग्रैंड फिनाले

नवरात्रि में हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया रास गरबा 2024 का आयोजन 6 व 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब प्रांगण में होने जा रहा है। जिसमें भक्त मां की आराधना गरबों के माध्यम से करेंगे। नवरात्रि पर इस बार भी ट्विनसिटी पूरी तरह से उत्सव में डूबने को आतुर दिखाई दे रहा है।

### जोर-शोर से चल रही तैयारी

शारदीय नवरात्र के अवर पर दुर्ग-भिलाई में परंपरागत गरबे की धूम मचेगी, वहीं कई स्थानों पर डांडिया-गरबा रीमिक्स की तर्ज पर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर देंगे। शहरवासी के साथ आयोजक भी इसकी तैयारी जोर-शोर से कर रहे हैं। गरबा को लेकर सभी आयु वर्गों के लोग उत्साहित हैं।

### गरबा सीखने सभी आयु वर्गों में दिख रहा उत्साह

गरबा ट्रेनिंग में रोज सैंकड़ो लोग शामिल हो रहे हैं। ट्रेनिंग सेशन के पांचवें और छठवें दिन डांडिया के नए स्टेप सिखाये गये। कोरियोग्राफर रानी नंदिनी द्वारा कोड़िया स्टेप ट्रेंडिग सांग गलगोटू और थंगट और कपल गरबा के साथ ही गुजरात का पारंपरिक गरबा भवानी, सनेड़ो, डाकला, टिटोड़ो, टिमली आदि गरबा के स्टेप सीखे। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी व साई एरोबिक्स क्लासेस के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा के हरीश, नृत्य गुरु जानकी राव व तारिका सोनकर द्वारा गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाएं गए। 5 अक्टूबर को ट्रेनिंग में आने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए बैच और पास दिया जाएंगे। इसलिए इस दिन ट्रेनिंग में आना जरूरी है।



### ट्विनसिटी के लोगों में दिख रहा उत्साह



ट्रेनिंग प्रोग्राम में लोगों का उत्साहवर्धन करने गुरुवार को भिलाई ननि के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर की संचालक अनू सिंग, टॉप शूज ए मार्केट अतुल महाजन, लेटेस्ट कलेक्शन दुर्ग से नेहा, ओजस महिला समिति अध्यक्ष ललिता सिंह, डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ सविता ललित मोहन, महिला पुलिस कांउसलर जया दुबे, संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता, ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी प्रगति नगर रिसाली, हरिभूमि ब्रांच हेड मनीष सहारन, ब्यूरो चीफ आलोक तिवारी, रिपोर्टर संगीता मिश्रा, फोटोग्राफर संजय पांडे प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर भवानी गरबा का अभ्यास भी किया। नृत्य कला मंदिर रिसाली से बिट्टू, प्रियल सहित रंगोली आर्टिस्ट आरके भीमा ने सभी प्रतिभागियों को ताल से ताल मिलाने में मदद की। सीजन 9 का ग्रैंड फिनाले 6 और 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब में शाम 6 बजे से किया जायेगा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720 और 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।

### ये हैं सहयोगी

डांडिया महोत्सव सीजन 9 के एसोसिएट पार्टनर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, यूटोपिया, अनु ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, आरोग्यम हॉस्पीटल, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी सदस्य अनामिका रमेश पटेल, अनुपमा सोनी प्रगति नगर रिसाली, कमला मेडिकल सुपेला, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग है।



## संस्कार क्वीन बनी जया और आभा गेम्स व लक्की ड्रा में जीते कई इनाम

**भिलाई।** संस्कार बुटिक द्वारा में संस्कारी क्वीन खिताब प्रतियोगिता वलक्की ड्रा कूपन का समापन एक आयोजन के रुप में खुशनुमा वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम सदस्यों दवरा प्रस्तुत किये गए। साथ ही कई रोचक गेम्स खेलकर उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पूर्व पार्षद सेक्टर 10 उपासना साहू, महिला पुलिस काउंसलर आभा शशि, जया दुबे प्रमुख रुप से उपस्थित रही। सेक्टर 7 में विगत 17 सालों से संचालित हो रहे संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गणेश गुप्ता द्वारा लगातार 5 सालों से 2 महीने तक मानसून ऑफर का एक्जीबिशन बुटिक में लगाया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी बुटिक में विभिन्न ऑफर्स के अंतर्गत एक लक्की कूपन महिलाओं द्वारा भरा गया गया था। इस दौरान संस्कार क्वीन का खिताब जया दुबे व आभा शशि को दिया गया। कूपन का शुभारंभ रजनी बघेल द्वारा किया गया था। लक्की ड्रा में फर्स्ट प्राईज माइक्रोवेव, सेकेंड बजाज की मिक्सी सहित दस सांत्वना पुरस्कार अमेरिकल टूरिस्टर के बैग, आयरन, सेलो का वाटर बॉटल आदि अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी रिसाली, वंदना सोनी, समाजसेविका अनामिका पटेल, माया गुप्ता, सहित अनेक प्रतिष्ठित महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। प्रभा ने बताया नवरात्रि पर्व पर ट्रेडिशनल व इंडोवेर्स्टन ड्रेसेस की कई रेंज उपलब्ध है।





## प्रतिभावान बालिकाएं सम्मानित करियर मार्गदर्शन भी मिला



**भिलाई।** समाजसेवा में अग्रणी संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास दुर्ग में निवासरत प्रतिभावान बालिकाओं को एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसमें सत्र 2021-22,सत्र 2022-23 और 2023-24 में राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) और सत्र 2022-23 और 2023-24 में लक्षित क्षेत्रों में हाई स्कूलों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) में चयनित हुईं। प्रतिभावान बालिकाओं तथा सत्र 2023-24 में अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लई ने बालिकाओं को करियर से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक गीता शर्मा, धनेश्वरी साहू, आभा शशि और सुचित्रा शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सुरों की महफिलः लेजेंड्री गायक बाला सुब्रमण्यम की स्मृति में सदाबहार गीतों की स्वरांजलि

कॉर्नर न्यूज

## सच मेरे यार है... जैसे गीतों ने समां बांधा, बाला सुब्रमण्यम के जीवन सफर का किया चित्रण





**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में लेजेंड्री गायक बाला सुब्रमण्यम की स्मृति में सदाबहार गीतों की स्वरांजलि दी गई। बोंगूस इंटरटेनमेंट के डायरेक्टर बी सुग्रीव तथा नीलम्स एजुकेशनल के संचालक नीलम चन्ना केशवलु की अगुवाई में पार्श्वगायक एसपी बालासुब्रमण्यम की स्मृति में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कलामंदिर के खचाखच भरे ऑडिटोरियम में सच मेरे यार है सीजन-4 की शुरुआत संगीत जगत की कल्पनातीत हस्ती स्व. बालासुब्रमण्यम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। बड़ी स्क्रीन पर वीडियो द्वारा पेश की गई। उनकी संगीतमय यात्रा, उनके सदाबहार गीत तथा अस्पताल में बिताए गए अंतिम समय और अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब के मार्मिक दृश्य को देखकर ऑडिटोरियम में मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम देर रात तक चला।

### एसपी के सदाबहार गीतों की धूम

संगीत संध्या का आरंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे बी लिपिका ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भरतनाट्यम के माध्यम से प्रस्तुत किया। उसके बाद एसपी के गाए 24 फिल्मी गीतों को स्थानीय और अतिथि गायकों ने लय में गाया। इनमें एवी श्रीनिवास, श्रव्या, रमेश, बी चैतन्या, शैलेंद्र नायक, जाह्नवी, आरती, विशाल, वीणा माखीजा, लता, तुषिता, जी समीक्षा, जे ललिता तथा आर जानकी शामिल हैं। उनकी गायकी के दौरान चीयरलीडर्स ने न केवल गायकों को प्रेरित किया, बल्कि दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया। इस मौके पर बोंगूस फैमिली ने 'सच मेरे यार है' गीत तथा कर्नाटक शैली की शास्त्रीय गायिका गंटि सरोजा ने एक तेलुगु गीत प्रस्तुत किया।

### 50 से ज्यादा व्यक्तियों का हुआ सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल, एसपी जितेंद्र शुक्ला, भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, संयुक्त सचिव बीए नायडु, पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान, ओए अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, समाजसेविका बी पोलम्मा, राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त के शारदा, श्रीधर मद्दी, जी स्वामी, श्रीनिवास रेड्डी, संजीत, बी पापाराव, डी मोहन राव, राहुल गुलाटी, बी कांताराव, बी जतिन, बी शुभम, पवन केशवानी, आदि नारायण, के अनिल, के लक्ष्मीनारायण एवं प्रभुनाथ बैठा सहित पचास से ज्यादा गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### सांसद ने सुरों की इस महफिल में गाए रफी के गीत

इस अवसर पर इवेंट डायरेक्टर बी सुग्रीव के आग्रह पर सांसद विजय बघेल ने शहंशाह-ए-तरन्नुम रफी साहब के गाए गीत 'तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं' को बहुत ही सुर में गाया। उन्होंने इस यादगार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बी सुग्रीव की प्रतिभा और नीलम चन्ना केशवलु के प्रयासों की सराहना की। सांसद ने भिलाई के सांस्कृतिक और सामाजिक तानेबाने को लेकर कहा कि इसमें एक अजीब-सी कशिश है, यहां एक बार जो कोई आता है तो उसका दिल यहीं रम जाता है। पहले यह लौह नगरी, फिर खेल नगरी, उसके बाद शिक्षा नगरी, अब यह संगीत नगरी एवं लोक कलाकारों की नगरी बन गई है। भिलाई के बनने का सिलसिला अभी तो शुरू हुआ है, यह थमने वाला नहीं है। भिलाई में अनंत संभावनाएं हैं, हमें इस लघु भारत को हिंदुस्तान के क्षितिज पर पहुंचाना है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में केरल और छत्तीसगढ़ ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ कप-सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 27 सितंबर से जारी है। इसके अंतर्गत गुरुवार को दो मैच खेले गये। सुबह 9 बजे से आर डी सी ए ग्रांउड में पहले मैच में बंगाल के विरुद्ध केरल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 123 रन बनाये। केरल की दृष्या ने 34 रन तथा कप्तान शांति टी ने 33 रन बनाये। साथ ही अखिला ने 24 रनों का योगदान दिया। बंगाल की ओर से कप्तान शाइका इशाक ने 2 विकेट प्राप्त किये। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल वुमेंस की टीम 19.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना सकी। बंगाल की ओर से प्रियंका बाला ने सर्वाधिक 28 रन नाबाद तथा तनुश्री सरकार ने 20 रनों योगदान दिया। वहीं केरल की ओर से मृदुला ने 4 विकेट तथा विनया ने 3 विकेट प्राप्त किये। मृदुला को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। केरल ने 17 रनों से मैच जीत लिया। दोपहर 1 बजे से दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ ब्लूज के विरुद्ध आंध्र प्रदेश वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 101 रन बनाये। आंध्र प्रदेश की ओर से पुष्पलता ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। साथ ही दुर्गा ने 16 तथा श्री चरनी ने 16 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ ब्लू की ओर से कृति गुप्ता ने 4 विकेट तथा सलोनी डंगोरे ने 2 विकेट प्राप्त किये। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ब्लू वुमेंस की टीम ने 15.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 105 रन बना लिये तथा मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ ब्लू की ओर से ऐश्वर्या ने नाबाद 54 रन तथा कृति गुप्ता ने नाबाद 44 रनों योगदान दिया। वहीं आंध्र प्रदेश की ओर से पदमजा ने 1 विकेट प्राप्त किये। कृति गुप्ता को 44 रन तथा 4 विकेट के लिये प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ब्लू ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

### राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट के लिए चयन शिविर भिलाई में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दिव्यांग क्रिकेट के खिलाड़ियों को अधिक अवसर देने उनमे प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु उदयपुर जाने वाले अन्य खिलाड़ी का चयन एवं शिविर 5 अक्टूबर 2024 को दिव्यांग ग्राउंड,सेक्टर-10 भिलाई में प्रस्तावित है। यह शिविर डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इंडिया (डी.सी.सी.आई.) के नियमानुसार किया जाना है। इस प्रक्रिया से चयनित खिलाड़ी उदयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट में प्रतिभाग लेकर अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विगत दिनों सेक्टर वन क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित हुए सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में रैंकिंग के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम को राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया गया जिसके उपरांत संस्था के अध्यक्ष डॉ अरुण श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी को सिलेक्शन कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में भाग लेंगे प्राची और जेश



**रायपुर।** 50 वीं महिला राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में राजधानी रायपुर की चेस शाला एकेडमी से प्राची यादव एवम जेश केशरवानी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। तमिलनाडु के कराईकुडी जिले में 3 से 13 अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों के अलावा राज्य से हिमानी देवांगन, चरणजीत कौर व इच्छा साहू भी भाग ले रहीं हैं।

यह स्पर्धा अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के द्वारा तमिलनाडु में आयोजित है। चेस शाला के संचालक रोहित यादव ने बताया कि इस उपलब्धि के साथ ही इस वर्ष एकेडमी से ही हेतांशी मुदलियार श्रीलंका में आयोजित अंडर-12 कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप (बालिका वर्ग) खेलकर आई है। प्राची पिछले साल एशियन जूनियर चैम्पियनशिप खेली है तथा ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडलिस्ट है। वह व्यक्तिगत टॉप टेबल पर ज्वाइंट पॉइंट गेनर रहीं हैं।

लगातार आ रही हार्ट अटैक से मौत की खबरें, युवा अधिक चपेट में

# पिछले पांच साल में ज्यादा बढ़ गए हैं हार्ट अटैक के मामले, विशेषज्ञों ने बताई इसकी खास वजह

हृदय रोगों का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, कम उम्र के लोग यहां तक 20 से कम आयु वालों में भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। आप भी अक्सर हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की घटनाओं के बारे में सुनते-पढ़ते होंगे। हाल के वर्षों में ऐसी खबरें अधिक सुनने को मिल रही हैं। गुरुवार (तीन अक्तूबर) को भी ऐसा ही मामला सामने आया जिसमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार सैयद मुश्ताक अहमद बुखारी का हार्ट अटैक से निधन हो गया, वह 75 वर्ष के थे। इससे पहले मंगलवार (एक अक्तूबर) को हैदराबाद में एक शोरूम में खरीदारी करते समय 37 वर्षीय व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। हार्ट अटैक को लेकर सामने आ रहे आंकड़े काफी डराने वाले हैं। नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स (एनसीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार, साल 2019 में 18 से 44 वर्ष की आयु के केवल 0.3% अमेरिकी वयस्कों को दिल का दौरा पड़ा था। इस आयु वर्ग में हार्ट अटैक के मामले अभी भी दुर्लभ माने जाते हैं, हालांकि पिछले चार-पांच वर्षों में इसमें काफी वृद्धि हुई है।



### युवाओं में बढ़ रहा है खतरा

एनसीएचएस डेटा से पता चलता है कि वृद्ध लोगों में दिल के दौरे कहीं अधिक आम माने जाते रहे हैं, पर कई कारणों से युवा आबादी भी इसका शिकार होती जा रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में हृदय रोग विशेषज्ञ और महामारी विज्ञानी डॉ. एंड्रयू मोरन कहते हैं, दुनियाभर में बढ़ते हार्ट अटैक और हृदय रोगों के मामलों के लिए मोटापा की समस्या को एक कारक माना जा सकता है। वैसे तो मोटापा का समस्या सभी आयु वर्ग के लोगों में देखी जा रही है पर युवा आबादी में इसका जोखिम ज्यादा बढ़ गया है।

### महामारी के दौरान बढ़ गया जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी ने कई तरह से हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में लोगों की शारीरिक निष्क्रियता बढ़ी, जिसने मोटापा और इसके कारण हृदय स्वास्थ्य की समस्याओं को बढ़ा दिया है। इसके अलावा कई अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि कोविड-19 ने हृदय प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। संक्रमण का शिकार रहे कई लोगों में मायोकार्डिटिस की समस्या देखी गई है। हृदय की मांसपेशियों पर वायरस के दुष्प्रभावों ने क्रोनिक हृदय संबंधी मामलों को जन्म दे दिया है।

### डरा रहे हैं आंकड़े

एक अध्ययन में पाया गया कि कोविड महामारी के पहले दो वर्षों के दौरान 25 से 44 वर्ष की आयु के लोगों में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या अपेक्षा से 30% अधिक थी। इसी तरह से एक अन्य अध्ययन में पाया गया है कि यूएस. में हर 100 में से चार लोगों में कोविड से ठीक होने के एक वर्ष में दिल से संबंधित कोई न दिक्कत हुई है।

बढ़ते जोखिमों को देखते हुए हृदय रोग विशेषज्ञों ने कहा, हमें मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसे जोखिम कारकों पर ध्यान देना होगा, जो युवा वयस्कों में हृदय रोगों का खतरा बढ़ा रहे हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में अपोलो हॉस्पिटल में कार्डियक सर्जन डॉ निरंजन हिरेमथ कहते हैं, हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के मामले पहले भी होते रहे हैं पर अपेक्षाकृत अब इसकी रिपोर्टिंग ज्यादा है। निश्चित ही कोरोना महामारी ने हृदय स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और पिछले कुछ वर्षों में इससे मौत के मामले भी बढ़े हैं। मोटापा, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी और धूम्रपान जैसी आदतों को कम करके आप अपने जोखिमों से बचाव कर सकते हैं। ये सोचना कि हृदय रोग सिर्फ उम्र बढ़ने पर ही होते हैं, ये सबसे बड़ी भूल है।



## महिलाओं के सम्मान के लिए अपनाएं ये आचरण

शारदीय नवरात्रि का पर्व इस साल 3 अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती नवरात्रि के समापन पर कन्या पूजन होता है, जिसमें छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। उन्हें भोजन कराया जाता है और फिर उपहार और दान दिए जाते हैं। नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। मान्यता है कि जिस घर में मां दुर्गा की पूजा होती है, वहां सुख और समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व केवल देवी की मूर्ति की पूजा ही नहीं, बल्कि हर नारी मां, बहन, बेटी का सम्मान करने का संदेश देता है।

- शारदीय नवरात्रि पर देवी रूप में पूजी जाती हैं कन्याएं

इसलिए सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, बल्कि हर महिला का सम्मान करें। अगर आप देवी की पूजा करते हैं, तो केवल नवरात्रि में ही नहीं, बल्कि हमेशा महिलाओं के प्रति आदर और सम्मान का भाव बनाए रखें। इस नवरात्रि, महिलाओं के सम्मान का संकल्प लें और अपने व्यवहार में बदलाव लाएं, ताकि हर महिला चाहे वह मां हो, बेटी हो या कोई और सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सके।



### मां को समय दें

महिलाओं का सम्मान करने के लिए आपको कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। शुरुआत अपने घर से करें। जैसे मां दुर्गा अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, वैसे ही आपकी मां भी आपका पालन-पोषण करती हैं और आपकी भलाई के लिए काम करती हैं। लेकिन हम अपने व्यस्त जीवन में अक्सर अपनी मां को नजरअंदाज कर देते हैं। इस नवरात्रि, संकल्प लें कि आप अपनी मां के साथ समय बिताएंगे। उनका स्वास्थ्य और जरूरतों का ख्याल रखें। रोज कुछ समय अपनी मां के साथ बैठकर बात करें।

### पत्नी का सम्मान करें

नवरात्रि केवल कन्या पूजन तक सीमित नहीं है। मां, बहन, और बेटी का सम्मान करने वाले कई लोग अपनी पत्नी को वह आदर नहीं देते। पत्नी को गृहलक्ष्मी और अन्नपूर्णा कहा जाता है।

### बहन को स्वतंत्रता दें

बहनें और बेटियां घर की खुशी होती हैं। देवी की पूजा करने वाले हर भक्त को अपनी बहन-बेटी की मुस्कान का ध्यान रखना चाहिए। बहन-बेटियों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन उन्हें बंदिशों में न बांधें। अक्सर लड़कियां परिवार के पुरुष सदस्यों की इच्छाओं के मुताबिक जीवन जीती हैं। इस नवरात्रि, संकल्प लें कि आप अपनी बहन-बेटियों को आजादी देंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे।



## जिला मुख्यालयों में एक ही परिसर के अंतर्गत बनाएंगे मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**रायपुर।** संचालक खेल एवम युवा कल्याण तनुजा सलाम ने गुरुवार को सहायक संचालक और जिला खेल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से मुख्य बजट 2025-26 के प्रस्ताव और विजन पर चर्चा हुई। राज्य में खेल प्रशिक्षण को अत्यधिक मजबूती प्रदान करने, मानक खेल अधोसंरचनाओं

- सहायक संचालक और जिला खेल अधिकारियों की बैठक में कई फैसले

की सुविधाएं विकसित करने और खेल अकादमियों की संख्या में वृद्धि करने का प्रस्ताव 2025-26 में मुख्य रूप से रहेगा। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालयों में एक ही परिसर के अंतर्गत मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास के प्रस्तावों का चयन कर रखा जाएगा।

इसके तहत जिला सरगुजा, कांकेर और सूरजपुर के खेल अधिकारियों ने उपलब्ध भूमि पर मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रस्ताव भेजने सहमत दी। जिला खेल अधिकारियों को प्रस्ताव 7 दिवस में भेजने के हेतु संचालक ने निर्देशित किया। बैठक में जिला कार्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रावधान करने पर सहमति बनी। विदित हो कि विगत वित्तीय वर्ष में खेल विभाग की राशि में अत्यधिक कटौती की गई थी, लेकिन विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए बजट राशि में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

संचालक तनुजा सलाम ने बैठक में अनुपस्थित जिला खेल अधिकारी जांजगीर चांपा, सहायक संचालक दुर्ग एवम सहायक संचालक राजनांदगांव को कारण बताओ सूचना जारी करने का निर्देश दिए। उक्त बैठक के पश्चात संचालक ने बस्तर क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही नियाद नेल्लानार योजना के डैशबोर्ड एंट्री की समीक्षा वर्चुअल मध्यम से ली और जिला खेल अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## घर में दूर हो सकता है वास्तु दोष, इस तरीके से

घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं।

घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि घर का वास्तु दोष जल्दी से जल्दी ठीक किया जाए। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि बिना पैसा खर्च किये बस आपको घर में मौजूद कुछ चीजों की जगह बदल देनी है, इससे आपके घर का वास्तु दोष अपने आप ही दूर हो जाएगा। आइये जानते हैं इस बारे में विस्तार से।



बांसुरी अवश्य रखें।

### घर के बेड का स्थान बदलें

दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम के बेड को उत्तर, पश्चिम या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। वहीं, बेडरूम के अलावा भी कोई और बेड घर में है तो उसे घर की दक्षिण दिशा में रखें। अगर पहले से ही सही दिशा में बेड रखें हैं तो बेड में लाल कपड़े में कलावे से बांधकर हल्दी की गांठ छुपाकर रखें।

### घर के मंदिर का स्थान बदलें

घर में मंदिर अगर आपका गलत दिशा में है तो सबसे ज्यादा वास्तु दोष इसी कारण से पैदा होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि घर के मंदिर को सही दिशा में रखें यानी कि पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। अगर मंदिर पहले से ही सही दिशा में रखा हुआ है तो उसे हल्का सा हिला दें और मंदिर में

### घर में लगे शीशे का स्थान बदलें

घर में शीशे को पूर्व या उत्तर दिशा की दीवार पर लगाना शुभ माना जाता है। अगर शीशा इस दिशा में नहीं लगा है तो लगा लीजिए और अगर लगा हुआ है तो शीशे के पिछले हिस्से पर कपूर जलाकर उससे बनने वाले काजल का टीका लगाएं।

कार्नर न्यूज

रिश्तों में दूरियां हो तो मुश्किलें आती हैं सामने

# दूर रह रहे पार्टनर के साथ प्लान करें वर्चुअल डेट नाइट, आपको होगा पास होने का एहसास

अक्सर अपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि यदि किसी भी रिश्ते में भरोसा और प्यार है तो वह रिश्ता और भी ज्यादा मजबूत हो जाता है। जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है, आपका और आपके पार्टनर का रिश्ता और भी ज्यादा स्ट्रांग होता जाता है। ऐसा तब होता है जब आप अपने पार्टनर के साथ रहते हैं लेकिन जब आपके रिश्ते में लॉन्ग डिस्टेंस आ जाता है तो भरोसा और प्यार बरकरार रखना काफी मुश्किल हो जाता है। आजकल नौकरी की आपाधापी में कपल्स एक दूसरे से मीलों दूर रहते हैं, जिस वजह से उन्हें मिलने के लिए भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ना मिल पाने की वजह से कई बार लड़ाई-झगड़े भी हो जाते हैं। अगर आप भी इसी सिचुएशन का सामना कर रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है।



### जानें इसके बारे में

वर्चुअल डेट नाइट उन कपल्स के लिए काफी सही विकल्प है, जो एक दूसरे से मीलो दूर रहे हैं। इस वर्चुअल डेट नाइट के जरिए कपल्स एक-दूसरे के साथ समय बिता सकते हैं। भले ही वो असल जिंदगी में एक-दूसरे से दूर हों, लेकिन भावनात्मक और मानसिक रूप से वो अपने पार्टनर को वर्चुअल डेट नाइट के जरिए अपने पास पाएंगे। अगर आप भी वर्चुअल डेट नाइट प्लान करना चाहते हैं तो कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।

### एक साथ खाना


भले ही आप एक-दूसरे से दूर हैं, लेकिन आप चाहें तो ऑनलाइन ही डिनर डेट प्लान कर सकते हैं। इसके लिए आप दोनों लोग एक ही प्रकार का खाना बना सकते हैं या ऑर्डर कर सकते हैं और फिर वीडियो कॉल पर एक साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। ध्यान रखें कि इस डेट के दौरान सिर्फ आप दोनों ही हों।

### कॉफी डेट

कॉफी डेट सिर्फ इसलिए रखी जाती है, ताकि आप वहां आराम से कॉफी पीते-पीते अपने पार्टनर के मन की बातें जान सकें। ऑनलाइन भी आप ऐसा कर सकते हैं। घर पर कॉफी बनाकर अपने पार्टनर के साथ वीडियो कॉल करें और उनके मन की बातें जानें।

### फिल्म या शो देखना

आजकल तो कितने सारे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी हैं, जिनकी मदद से आप एक साथ एक जैसी ही फिल्म या सीरीज देख सकते हैं। इसके लिए बस अपने-अपने गैजेट पर एक जैसा शो या फिल्म लगाकर एक ही समय पर



एक ही फिल्म या शो देख सकते हैं।

### गेम्स खेलना

अगर आप दोनों को गेम्स खेलना पसंद है तो कई ऐसे एप्स आजकल उपलब्ध हैं जिनके इस्तेमाल से आप एक साथ दूर बैठे-बैठे भी गेम खेल सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हेम्सवर्थ के साथ 'क्राइम 101' में दिख सकती हैं ऑस्कर विजेता हैली बेरी



ऑस्कर विजेता अभिनेत्री हैली बेरी, डॉन विंसलो की शॉर्ट स्टोरी फिल्म 'क्राइम 101' का हिस्सा बन सकती हैं। इस सिलसिले में अभिनेत्री से बातचीत चल रही है। इस फिल्म में वह अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ के विपरीत लीड फीमेल अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। हालांकि, फिल्म के प्लाट को अभी गुप्त रखा गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म में 'हीट' की झलक देखने को मिल सकती है, जो प्रशांत तट पर एक बहुत बड़ी चोरी को दिखाएगी। डेडलाइन के मुताबिक फिल्म की शूटिंग इस महीने से शुरू होगी।

इस फिल्म का निर्देशन बार्ट लेटन कर रहे हैं और पीटर स्ट्रॉघन के साथ मिलकर इसकी पटकथा लिखी है। निर्माताओं में स्टोरी फैक्ट्री के शेन सालेर्नो, वर्किंग टाइटल के एरिक फेलनर और टिम बेवन, 'रॉ' के लेटन और दिमित्री डोगानिस और डेरिन स्लेसिंगर शामिल हैं। वहीं, 'रॉ' के जोली फेदर कार्यकारी निर्माता होंगे। डेडलाइन के मुताबिक पिछले साल हेम्सवर्थ के साथ अभिनय करने के लिए अभिनेता पेड्रो पास्कल को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया था, लेकिन शेड्यूलिंग की दिक्कतों के चलते उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया। हेम्सवर्थ अपने प्रोडक्शन पार्टनर बेन ग्रेसन के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण भी करेंगे। अभिनेत्री हैली बेरी के शानदार अभिनय करियर में 2002 की ऐतिहासिक जीत शामिल है, जब वह 'मॉन्स्टर बॉल' में अपनी भूमिका के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का 'अकादमी पुरस्कार' पाने वाली पहली और एकमात्र अफ्रीकी अमेरिकी महिला बनीं। अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'हैलहोली' के जरिए बेरी ने लायंसगेट थ्रिलर 'नेवर लेट गो' का निर्माण किया है और जल्द ही 'मौड वर्सेज मौड' और 'द प्रोसेस' पर काम करेंगी।

### टॉलीवुड

## 'इंडियन 3' को सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की तैयारी, आया नया अपडेट



कमल हासन और निर्देशक शंकर बहुप्रतीक्षित सीक्वल ' इंडियन 2 ' के साथ एक साथ आए थे। यह उनकी साल 1996 की फिल्म 'इंडियन' के आगे की कहानी थी। इस सीक्वल का लोगों का लंबे समय से इंतजार था। हालांकि, दर्शकों की उम्मीदों पर यह फिल्म खरी नहीं उतर सकी थी। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर न चल सकी हो, लेकिन कमल हासन के फैंस इस फिल्म के तीसरे भाग का बेसब्री से इंतजार रहे हैं। इस बीच इंडियन 3 को लेकर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि इंडियन 3 वॉर मोड सिनेमाघरों को छोड़कर सीधा ओटीटी पर दस्तक दे सकती है। खबरों के मुताबिक फिल्म के निर्माता इसे सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म की टीम ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

'इंडियन 2' में कमल हासन को सेनापति की भूमिका में भ्रष्टाचार से लड़ते हुए दिखाया गया था। एक्शन से भरपूर दृश्यों से भरी इस फिल्म के आखिर में तीसरे किस्त की ओर इशारा किया गया था। फिल्म में सिद्धार्थ , एसजे सूर्या, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर और बॉबी सिम्हा भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। 'इंडियन 2' का पोस्ट-क्रेडिट सीन 'इंडियन 3: वॉर मोड' की एक झलक भी देखने को मिली थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो कमल हासन ठग लाइफ नाम की फिल्म में भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। वहीं, शंकर ने हाल ही में राम चरण की राजनीतिक ड्रामा ' गेम चेंजर ' की शूटिंग पूरी की है, जो जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है।

### भोजपुरी

## सिंदूर-मंगलसूत्र पहने 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग कर रहीं आम्रपाली



उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर में भोजपुरी फ़िल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से चल रही है। लाइट कैमरा एक्शन की धमक से इन दिनों भोजपुरी फ़िल्म जगत में आम्रपाली दुबे अपनी अलग मुकाम बना चुकी हैं जहां से अब वो सिर्फ चुनिंदा फिल्मों के स्क्रिप्ट पर ही शूटिंग कर रही हैं। आम्रपाली दुबे का कहना है कि हमने अभी तक बहुतायत मात्रा में सिर्फ कमर्शियल फिल्में ही कि हैं और अभी भी लगातार कमर्शियल फिल्मों के स्क्रिप्ट ही हमारे पास आ रहे हैं लेकिन हमें अब सिर्फ कमर्शियल ही नहीं बल्कि आर्ट एंड कल्चर और सोशल जस्टिस को ध्यान में रखकर फिल्में भी करनी चाहिए। आम्रपाली का कहना है, 'हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने और सांस्कृतिक पुनरूत्थान के लिए भी जमीन से जुड़ी हुई कल्चरल फिल्में करने का भाव पैदा करना होगा। मातृ देवो भवः कुछ उसी प्रकार की स्क्रिप्ट है जिसपर काम करने के बाद हमें आंतरिक शांति का बोध हो रहा है। हमें इस दिशा में और भी ऐसी फिल्मों पर काम करना होगा। हमने लगभग 150 फिल्में और टीवी धारावाहिक में कामयाब अभिनय करके देखा है लेकिन अब सिर्फ स्टारडम से काम नहीं चलने वाला।'भोजपुरी फिल्म जगत में अपने दमदार अभिनय कौशल से बेहतरीन मुक़ाम बना चुकी सुपरस्टार अभिनेत्री आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग उत्तरप्रदेश के अम्बेडकर नगर में जोर शोर से जारी है।




सर्दियों की तैयारी

ब्रिटिश मॉडल लीला ग्रेस मॉस ने अपने साथियों संग हाल ही में पेरिस फैशन वीक में सर्दियों के लिए खास डिजाइन पेश की। स्टेला मेकार्टनी की इन डिजाइन को खास बर्फबारी के मौसम के लिए बनाया गया था। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसे महिलाओं के रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर का नाम दिया गया।

## डेली वियर से लेकर पार्टी लुक के लिए पहनें जा सकते हैं सुई-धागे वाले डिजाइन के इयररिंग्स

फैशन के बदलते दौर में कुछ डिजाइंस आज भी एवरग्रीन पहनने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह से सुई-धागा के डिजाइन हमेशा पसंद किए जाते हैं। डेली वियर के लिए पार्टी लुक के लिए इसमें आपको गोल्ड, सिल्वर, डायमंड व आर्टिफिशियल डिजाइन में कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी।

इन इयररिंग्स में आपको झुमकी के साथ में भी काफी डिजाइंस देखने को मिलेंगे। तो आइए देखते हैं सुई-धागा इयररिंग्स की कुछ खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन गोल्ड इयररिंग्स को स्टाइलिश बनाने के कुछ आसान टिप्स-

### चेन डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

अगर आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या एथनिक लुक में कानों में सुई-धागा पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चेन वाले डिजाइन के इयररिंग्स अपने लिए चुन सकती हैं। देखने में इसा तरह का डिजाइन हर तरह के फेस शेप को सटल लुक देने का काम करता है।



### झुमकी डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

झुमकी इयररिंग्स हम सभी के चेहरे पर बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करती है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे। कोशिश करें कि इस तरह के इयररिंग्स में पार्टी लुक के लिए आप डबल झुमकी स्टाइल सुई-धागा इयररिंग्स को चुनें।

### फ्लोरल डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

फ्लोरल में आपको सिंपल फूल और पत्तियों के अलावा लोटस यानी कमल के फूल के डिजाइंस में भी कई तरह के सुई-धागा इयररिंग्स देखने को मिल जाएंगे। इसमें आपको पर्ल के साथ में काफी सटल कलर ऑप्शन और मिनिमल लुक वाले डिजाइंस भी मिलेंगे।

## कूल लुक के लिए जींस के साथ वियर करें न्यू डिजाइंस वाले टॉप




आउटिंग और ऑफिस में महिलाएं जींस पहनना पसंद करती हैं। जींस में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं स्टाइलिश भी नजर आती है। लेकिन अगर आप कूल चाहती हैं तो आप जींस के साथ ये न्यू डिजाइंस वाले टॉप का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ फ्लोरल टॉप दिखा रहे हैं जो आप जींस के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इस तरह के टॉप में जहां आप कूल नजर आएंगी तो वहीं आप खूबसूरत भी लगेंगी।

### फ्लोरल ए-लाइन टॉप



जींस के साथ कूल लुक के लिए आप इस तरह के फ्लोरल ए-लाइन टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह फ्लोरल ए-लाइन टॉप कॉटन में है और सिंपल लुक पाने के लिए ये टॉप बेस्ट है। इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं जो कि आपको बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस टॉप को व्हाइट, ब्लू और ब्लैक डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### शॉर्ट स्लीव फ्लोरल टॉप

यह शोर्ट स्लीव्स वाली फ्लोरल टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। यह टॉप पॉलिएस्टर फैब्रिक में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन बनाया गया है।वहीं इस तरह के टॉप को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं। इस टॉप को आप ब्लैक कलर ट्राउजर या जींस के साथ आप वियर कर सकती हैं।

### कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप

यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप भी कूल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस टॉप में बेहद ही खूबसूरत फ्लावर्स के डिजाइन बनाए गए हैं। इस तरह के टॉप को आप ऑफिस के दौरान वियर कर सकती हैं। यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप आपको 500 रुपये से 600 रुपये की कीमत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा। इस टॉप को आप डेनिम के साथ साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह पेप्लम टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। इस तरह की टॉप में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।


## आंखों में रोजाना काजल लगाने के नुकसान भी, जानना जरूरी

रोजाना काजल लगाने वाली महिलाओं को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप अच्छी गुणवत्ता वाले, नेचुरल और हाइपोएलर्जेनिक उत्पादों से बने काजल का इस्तेमाल कर रहीं हैं। ये थोड़े महंगे जरूर आएंगे, लेकिन इनसे आंखों को ज्यादा खतरा नहीं रहेगा। यदि आप ऐसा नहीं करेंगी तो आंखों को खतरा बना रहेगा। यहां आंखों में रोजाना काजल लगाने के पांच बड़े नुकसान बताए जा रहे हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होना चाहिए।

### इंफेक्शन का खतरा

बाजार में मिलने वाले काजल का इस्तेमाल अगर आप कभी-कभार कर रहे हैं, तब तो ठीक है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। दरअसल, काजल में हानिकारक रसायन या बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आंखों में संक्रमण का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अगर काजल इस्तेमाल कर भी रहे हैं, तो इसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें।

### एलर्जी का खतरा



बहुत से लोगों को ये नहीं पता होता है कि काजल से आंखों में एलर्जी भी हो सकती है। दरअसल, बाजार में मिलने वाले कई काजल में ऐसे रसायन तत्व होते हैं जो आंखों में एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इससे आंखों में सूजन, लालिमा और जलन हो सकती है। ऐसे में यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो काजल कि इस्तेमाल से बचें। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों की आंखें और भी ज्यादा संवेदनशील होती हैं।

## साड़ी के साथ बालों में लगाएंगी गजरा तो निगाहें नहीं हटेंगी , मिलेगी तारीफ

ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों के साथ-साथ इनकी स्टाइलिंग भी सही तरीके से की जानी बेहद जरूरी होती है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें सही हेयर स्टाइल चुनना और इन्हें स्टाइल करने के लिए हेयर एक्सेसरीज का रोल अहम होता है।

आजकल नकली से ज्यादा असल फूलों से बनी हेयर एक्सेसरीज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं गजरे को बालों में अलग-अलग तरह से स्टाइल करने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन गजरों को बालों में लगाने के आसान हैक्स-

### जुड़े में कैसे लगाएं गजरा?

बालों में गजरे लगाना लगभग हम सभी पसंद करते हैं। सिंपल और बोरिंग जुड़े को आप इस तरह से गजरे से कवर करके फैंसी और स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। बता दें कि गजरे के जाल से लेकर बाहरी तरफ से गोलाई में लगाकर भी गजरे से जुड़े को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्लीक स्टाइल हेयर



स्टाइल में यह एक्सेसरी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। आप चाहें तो डोनट लगाकर सिंपल बन के साथ में लपेट कर भी बन को पूरा कर सकती हैं।

### फूलों को जुड़े में कैसे लगायें?

सिंपल गजरे के अलावा आप बालों में ताजे फूलों को अलग-अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप छोटी कलियों वाले रंग-बिरंगे फूलों को जुड़े पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप मोगरे के फूलों को अलग-अलग करके छोटे साइज के फूलों के साथ पिन लगाकर बालों में लगा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### आपके शरीर के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए टी शर्ट की

## स्टाइलिश लुक के लिए मुश्किल नहीं परफेक्ट टी-शर्ट मिलना, जानें टिप्स

*टी-शर्ट एक ऐसा परिधान है, जो लड़कियों के साथ-साथ लड़कों तक के पास मिलेगा। एक तो इसे कैरी करना काफी आसान होता है। वहीं ये शर्ट के मुकाबले में सस्ती आती हैं। यही वजह है कि आज के समय में हर कोई शर्ट से ज्यादा टी-शर्ट पहनना पसंद करता है। इसे जींस के अलावा पैंट के साथ भी पहना जा सकता है।*



बहुत से लड़के तो टी-शर्ट को ब्लेजर के साथ कैरी करते हैं, जिसकी वजह से लुक भी स्टाइलिश लगता है। ऐसे में अगर आप टी-शर्ट खरीदने जा रहे हैं तो यहां हम आपको सही टी-शर्ट चुनने के टिप्स देने जा रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने लिए परफेक्ट टी-शर्ट सेलेक्ट कर सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने के बाद आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा।

### सही हो साइज

अक्सर आप टी-शर्ट का साइज ही गलत चुनेंगे तो आपका लुक बिगड़ सकता है। दरअसल, टी-शर्ट न बहुत टाइट होनी चाहिए और न ही बहुत ढीली। ये हमेशा आपके शरीर के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए।



### सही हो फैब्रिक

टी-शर्ट खरीदते वक्त ध्यान रखें कि इसका फैब्रिक मौसम के हिसाब से ही होना चाहिए। जैसे कि अभी बारिश और गर्मी का मौसम कॉटन, पॉलिएस्टर या मिश्रित फैब्रिक वाली टी-शर्ट्स लें। ये जल्दी सूखती हैं, ऐसे में ये खेल या एक्सरसाइज के लिए भी अच्छी होती हैं।

### क्वालिटी हो सही

टी-शर्ट खरीदते वक्त उसकी क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली टी-शर्ट्स लंबे समय तक चलती हैं और धुलाई के बाद भी खराब नहीं होतीं। वरना एक ही धुलाई में इसका लुक खराब हो जाता है।